
५.।
गीतगोविंद-राधाविनोद.

वीरप्रतापस्य पुस्तकम्

Wah

Benares.

॥ श्रीः ॥

श्रीगीतगोविन्दम् ।

राधाविनोदं च ।

हरिद्वारप्रान्तान्तर्वर्तिलाँखग्रामनिवासि-
पं० मिहिरचंद्रकृत-पद-योजनासहित-
भाषाटीकासमलंकृतम् ।

तदतत्

श्रीकृष्णदासात्मज-गङ्गाविष्णोः
स्वकीये " लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर " मुद्रणालये
मुद्रयित्वा प्रकाशितम् ।

संवत् १९८९, शकाब्दाः १८५०.

कल्याण-मुंबइ.

अस्य ग्रन्थस्य सर्वेऽधिकारा यन्त्राधिकारिणा
स्वायत्तीकृताः ।

भूमिका

एतच्छ्रीजयदेवकविविरचितं श्रीगीतगोविन्दमहाकाव्यं व्रजमण्डलान्तर्गतश्रीवृन्दावनादिवनविहारिणोर्लीलाविग्रहधारिणोः श्रीलक्ष्मीनारायणाभिन्नयोः श्रीमद्राधाश्रीकृष्णचन्द्रयोः शृङ्गारादिलीलां श्रीजयदेवकवेर्गूढकवित्वञ्च प्रकटयतीति विदितचरम् । परंतु विज्ञाएवैतद्वर्णितभगवल्लीलाऽमृतरसपानं कर्त्तुं प्रभवन्ति, प्रकृतस्वास्य'गूढार्थत्वात्; नतु साधारणा जनाः, अत एवम्भूतानेतत्सुधारसवंचितानवलोक्यैतत्सुधारसास्वादानुभवं साधारण्येनेहमानैः "श्रीवेङ्कटेश्वर" (स्टीम्) यन्त्राधिपतिभिः कश्चिज्जोऽस्य दुरूहग्रन्थस्य भाषोद्धृतयेऽयोजि, ततोप्येतद्गूढतात्पर्यस्य प्रायो भाषायामनुद्धृतत्वेन भाषाप्रियमन्दमतिवञ्चनन्तदवस्थमित्यदस्तैरेव भाषोद्धृतिकृतये मदन्तिकेप्रेषितम्--सहैवानेन "राधाविनोद" काव्यमपि प्राथमिकभाषोद्धृतयईरितम्--मया च यथामति भाषोद्धृतमेतत्काव्यद्वयं शाणोल्लेखनधिया विचरणयोः समर्प्यते--यत्रयत्र छन्दोभङ्गमसहमानेन ग्रंथकर्त्रा गौरवयोग्ययोः श्रीराधाश्रीकृष्णचन्द्रयोरेकवचनान्ताद्यगौरवपदम्प्रयुक्तम्तत्रतत्र ग्रन्थकर्त्राशयमनुसरतोक्तश्रीराधाकृष्णसेवाविमलचेतसा-यद्वा षायाम्प्रातिष्ठिकपदमबन्धि--तद्विज्ञः सोऽव्यमिति च तानर्थ्ये--इति शम् ।

काशीस्थराजकीयप्रधानपाठशालोत्तीर्णः,

विचरणसेवकः--पण्डितमिहिरचन्द्रशर्मा.

॥ श्रीः ॥

गीतगोविन्दम् ।

भाषाटीकासमेतम् ।

प्रथमः सर्गः १.

श्रीकृष्णराधाचरणौ नत्वा भक्तिपुरःसरम् ॥
गीतगोविन्दगूढार्थविवृतिर्नृगिरोच्यते ॥ १ ॥

मेघैर्मेदुरमम्बरं वनभुवः श्यामास्तमालद्रुमैर्नक्तं भीरुरयं त्वमेव तादिमं राधे गृहं प्रापय ॥ इत्थं नन्दनिदेशतश्चलितयोः प्रत्यध्वकुञ्जद्रुमं राधा-माधवयोर्जयन्ति यमुनाकूले रहःकेलयः ॥ १ ॥

पद–मेघैः ३ मेदुरम् १ अम्बरम् १ वनभुवः १ श्यामाः १तमाल-द्रुमैः ३ नक्तम् भीरुः १ अयम् ९ त्वम् १ एवऽ तत्ऽ इमम् २ राधे १ गृहम् २ प्रापय क्रि० इत्थम्ऽ नन्दनिदेशतःऽ चलितयोः ६ प्रत्यध्व-कुञ्जद्रुमम् ऽ राधामाधवयोः ६ जयन्ति क्रि० यमुनाकूले ७ रह-केलयः १ ॥ १ ॥

योजना–अम्बरं मेघैः मेदुरम् अस्ति,-वनभुवः तमालद्रुमैः श्यामाः वर्तते, अयं श्रीकृष्णः नक्तं भीरुः अस्ति तत् (तस्मात्) हे राधे इमं त्वम् एव गृहं प्रापय इत्थं नन्दनिदेशतः प्रत्यध्वकुंजद्रुमं समस्तेषु मार्गकुञ्जद्रुमेषु चलितयोः राधामाधवयोः यमुनाकूले रहः-केलयः जयंति उत्कृष्टाः सन्तीत्यर्थः ॥ १ ॥

भाषार्थ--आकाश मेघोंसे व्याप्त होरहा है. और वनकी भूमि तमालके वृक्षोंसे श्याम होरहीहै और यह श्रीकृष्णचंद्र

रात्रीमें भीरु (डरपोक) है. इससे हे राधे ! तुम ही इसको घर पहुँचादे इस प्रकार नन्दकी आज्ञासे मार्गकी कुञ्जोंके वृक्षोंमें गमनकरते हुये जो राधा और कृष्णचंद्र हैं उनकी यमुनाके कूलमें जो एकान्तक्रीडा हैं वे सबसे उत्तम है ॥ यहाँ जिधातु का अभिभव (तिरस्कार) अर्थ है इससे जो राधाकृष्णचंद्रकी उक्तक्रीडाओंका स्मरण करते हैं उनके सर्वपापोंका तिरस्कार होता है-इसीसे कविने यह श्रीकृष्णचंद्रजीका स्मरणरूप मंगल ग्रंथकी आदिमें लिखा है ॥ १ ॥

वाग्देवताचरितचित्रितचित्तसद्मा पद्मावतीचरण-चारणचक्रवर्त्ती ॥ श्रीवासुदेवरतिकेलिकथासमेत-मेतं करोति जयदेवकविः प्रबन्धम् ॥ २ ॥

पद-वाग्देवताचरितचित्रितचित्तसद्मा १ पद्मावतीचरणचारण चक्रवर्ती १ श्रीवासुदेवरतिकेलिकथासमेतम् २ एतं २ करोति क्रि- जयदेवकविः १ प्रबंधम् ॥ २ ॥

योजना--वाग्देवताचरितचित्रितचित्तसद्मा- पद्मावतीचरणचारण-चक्रवर्ती जयदेवकविः श्रीवासुदेवरतिकेलिकथासमेतम् एतं प्रबंधं करोति ॥ २ ॥

भाषार्थ-सरस्वतीके चरित्रोंसे शोभित है चित्तरूपी गृह जिसका अर्थात् जिसके मनमें सरस्वती आचरणकरती है आर लक्ष्मीके चरणोंके संवाहन (दाबना) से जो चक्रवर्ती राजाके समान है अर्थात् लक्ष्मीका सेवक है ऐसा जयदेवकवि श्री-वासुदेव (कृष्ण) की रतिक्रीडाओंसे युक्त जो यह प्रबंध (ग्रंथ) हैं उसको करता है ॥ २ ॥

यदि हरिस्मरणे सरसं मनो यदि विलासकलासु कुतूहलम् ॥ मधुरकोमलकान्तपदावलिं शृणु तदा जयदेवसरस्वतीम् ॥ ३ ॥

पद–यदिऽ हरिस्मरणे ७ सरसं १ मनः १यदिऽ विलासकलासु ७ कुतूहलम् १ मधुरकोमलकांतपदावलिं २–शृणु क्रि०तदाऽजयदेव-सरस्वतीम् ॥ ३ ॥

योजना–याद हरिस्मरणे ते मनः सरसं वर्ततें–यदि विलास-कलासु कुतूहलम् अस्ति तदा मधुरकोमलकान्तपदावलिं–जयदेवसर-स्वतीं ः ॥ ३ ॥

भाषार्थ–हेभक्तजन ! जा तेरा मन हरिके स्मरणमें अनु-राग (प्रीति) सहित है और जो श्रीकृष्णचंद्रजीका विलास और चौसठकलाओंमें कुतूहल(उत्कंठा)है तो मधुर (सरस) और कोमल हैं मनोहरपदोंकी पङ्क्ति जिसमें ऐसी जयदेव-कविकी वाणीको श्रवणकर ॥

वाचः पल्लवयत्युमापतिधरः संदर्भशुद्धिं गिरां जानीते जयदेव एव शरणः श्लाघ्यो दुरूहद्रुतेः ॥ शृङ्गारोत्तरसत्प्रमेयरचनैराचार्यगोवर्धन–स्पर्द्धी को ऽपि न विश्रुतः श्रुतिधरो धोईकविक्ष्मापतिः ॥ ४ ॥

पद–वाचः २ पल्लवपति क्रि०उमापतिधरः १ संदर्भशुद्धिं २ गिरां ६ जानीते क्रि०जयदेवः १ एवऽ शरणः १ श्लाघ्यः १ दुरूहद्रुतेः ५ शृङ्गारोत्तरसत्प्रमेयरचनैः ३ आचार्यगोवर्द्धनस्पर्द्धी १ कः १ अपिऽ नऽ विश्रुतः १ श्रुतिधरः १ धोईकविक्ष्मापतिः १ ॥ ४ ॥

योजना–उमापतिधरः वाचः पल्लवयति जयदेव एव गिरां सन्दर्भ-

शुद्धिं जानीते—शरणः दुरूहद्रुतेः श्लाघ्यः शृङ्गारोत्तरसत्प्रमेयरचनैः आचार्यगोवर्द्धनस्पर्द्धी कः अपि न विश्रुतः धोईकविक्ष्मापतिः श्रुतिधरः आसीत् ॥ ४ ॥

भाषार्थ—उमापतिधरनामा कवि वाक्यके विस्तारमें श्रेष्ठ हुआ, गुणोंमें नहीं, और जयदेव ही अर्थ और शब्द दोनोंसे वाक्योंकी रचनाकी शुद्धिको जानता है अन्य कोई कवि नहीं जानता, शरणनामा कवि कठिन ग्रंथके भी शीघ्र उच्चारण करनेसे श्लाघाकरनेयोग्य है, और शृंगाररस है प्रधान जिनमें ऐसे उत्तमवचनोंके रचनाओंसे आचार्य गोवर्द्धनकी स्पर्द्धा करनेवाला कोई, भी कवि विख्यात न हुआ, अर्थात् उसने शृंगार प्रधान ही ग्रंथ रचे—और धोईनामा क्षमापति (महाराजा) श्रवण करनेसे ही धारण करनेसे प्रसिद्ध हुआ अर्थात् सुननेसे ही समझसकता था ॥ ४ ॥

अथ प्रथमप्रबंधो मालवरागेण रूपकताले गीयते १॥ प्रलयपयोधिजले धृतवानसि वेदम्॥विहितवहित्रचरित्रमखेदम्॥केशव धृतमीनशरीर जय जगदीश हरे ॥ १ ॥

पद—प्रलयपयोधिजले ७ धृतवान् १ असि क्रि—वेदम् २ विहितवहित्रचरित्रम् २ अखेदम् २ केशव १ धृतमीनशरीर १ जय क्रि० जगदीश १ हरे ॥ १ ॥

योजना—हे केशव हे धृतमीनशरीर हे हरे यतः त्वं प्रलयपयोधिजले विहितवहित्रचरित्रम्—अखेदं यथा स्यात्तथा वेदं धृतवान् असि अतः त्वं जय उत्कर्षेण वर्द्धस्वेत्यर्थः ॥ १ ॥

भाषार्थ—भक्तोंके अनुग्रह और विघ्ननिवृत्तिके लिये प्रथम दशअवतारोंका वर्णन करते हैं हे मीनशरीरधारी ! हे केशव ! हे हरे ! जिससे आपने प्रलयसमुद्रके जलमें डूबेहुए वेदोंको विना परिश्रम और समुद्र तरनेकी नौकारूप होकर धारण किया अर्थात् वेदोंकी (रक्षा की) इससे आपकी जय हो अर्थात् बडाईकी वृद्धि हो ॥ १ ॥

क्षितिरतिविपुलतरे तव तिष्ठति पृष्ठे ॥ धरणिधरणकिणचक्रगरिष्ठे ॥ केशव धृतकच्छपरूप जय जगदीश हरे ॥ २ ॥

पद—क्षितिः १ अतिविपुलतरे ७ तव ६ तिष्ठति क्रि० पृष्ठे ७ धरणिधरणकिणचक्रगरिष्ठे ७ केशव १ धृतकच्छपरूप १ जय क्रि० जगदीश १ हरे १ ॥ २ ॥

योजना—हे केशव हे ! धृतकच्छपरूप ! हे जगदीश ! हे हरे—अतिविपुलतरे धरणिधरणकिणचक्रगरिष्ठे तव पृष्ठे क्षितिः यतः तिष्ठति अतस्त्वं जय ॥ २ ॥

भाषार्थ—हे कच्छपरूपधारी ! हे केशव ! हे जगदीश ! हे हरे ! पृथिवीके धारणकरनेसे पडेहुए ठट्टेके चक्रसे गरिष्ठ (भारी) आपके पृष्ठपर जिससे पृथिवी टिकती है इससे आपकी जय हो २

वसति दशनशिखरे धरणी तव लग्ना ॥ शशिनि कलङ्ककलेव निमग्ना ॥ केशव धृतसूकररूप जय जगदीश हरे ॥ ३ ॥

पद—वसति क्रि०दशनशिखरे ७ धरणिः १ तव ६ लग्नः १

शशिनि ७ कलङ्ककला १ इवऽ निमग्ना १ केशव १ धृतसूकररूप १ जय क्रि०जगदीश १ हरे १ ॥ ३ ॥

योजना—हे केशव हे धृतसूकररूप हे जगदीश हे हरे यतः तव दशनशिखरे शशिनि निमग्ना कलङ्ककला इव धरणिः वसति अतः त्वं जय ॥ ३ ॥

भाषार्थ—हे सूकररूपधारि !.हे केशव ! हे जगदीश ! हे हरे जिससे आपके दांतोंकी शिखरपर चंद्रमामें कलंककी कलाके समान लगी हुयी पृथिवी वसती है इससे आपकी जय हो अर्थात् आपका उत्कर्ष बढो ॥ ३ ॥

तव करकमलवरे नखमद्भुतशृङ्गम् ॥ दलित-हिरण्यकशिपुतनुभृङ्गम् ॥केशव धृतनरहरिरूप जय जगदीश हरे ॥ ४ ॥

पद—तव ६ करकमलवरे ७ नखम् १ अद्भुतशृङ्गम् १ दलितहिरण्यकशिपुतनुभृङ्गम् १ केशव १ धृतनरहरिरूप १ जय क्रि०जगदीश १ हरे १ ॥ ४ ॥

योजना—हे केशव हे धृतनरहरिरूप हे जगदीश हे हरे यतः तव करकमलवरे अद्भुतशृङ्गम् दलितहिरण्यकशिपुतनुभृङ्गम् नखम् अस्ति अतः त्वं जय ॥ ४ ॥

भाषार्थ—हे नृसिंहरूपधारी ! हे केशव ! हे जगदीश ! हे हरे ! जिससे आपके श्रेष्ठ करकमलमें अद्भुत है अग्रभाग जिसका और नष्ट किया है हिरण्यकशिपुदैत्यका तनु (शरीर) रूप भ्रमर जिसने ऐसा नख है इससे आपकी जय हो ॥ ४ ॥

छलयसि विक्रमणे बलिमद्भुतवामन ॥ पदनखनी-

रजनितजनपावन ॥ केशव धृतवामनरूप जय जगदीश हरे ॥ ५ ॥

पद–छलयसि क्रि० विक्रमणे ७ बलिम् २ अद्भुतवामन १ पदनखनीरजनितजनपावन १ केशव १ धृतवामनरूप १ जय क्रि० जगदीश १ हरे १ ॥ ५ ॥

योजना–हे अद्भुतवामन हे पदनखनीरजनितजनपावन हे केशव हे धृतवामनरूप हे जगदीश हे हरे यतः त्वं विक्रमणे बलिं छलयसि अतः त्वं जय ॥ ५ ॥

भाषार्थ–हे अपने चरणोंके गंगारूपजलसे जनोंको पवित्र करनेवाले अद्भुतवामन ! वामन रूपधारी ! केशव ! जगदीश ! हे हरे ! आप चरणोंके गमन करनेमें ही जिससे बलिराजाको छलते हो इससे आपकी जय हो ॥ ५ ॥

क्षत्रियरुधिरमये जगदपगतपापम् ॥ स्नपयसि पयसि शमितभवतापम् ॥ केशव धृतभृगुपतिरूप जय जगदीश हरे ॥ ६ ॥

पद–क्षत्रियरुधिरमये ७ जगत् २ अपगतपापम् २ स्नपयसि क्रि० पयसि ७ शमितभवतापम् २ केशव १ धृतभृगुपतिरूप १ जय क्रि० जगदीश १ हरे १ ॥ ६ ॥

योजना हे केशव हे धृतभृगुपतिरूप हे जगदीश हे हरे यतः त्वं क्षत्रियरुधिरमये पयसि अपगतपापं शमितभवतापं जगत् स्नपयसि अतः त्वं जय ॥ ६ ॥

भाषार्थ–हे परशुरामरूपधारी केशव ! हे जगदीश ! हे हरे ! जिससे आप क्षत्रियोंके रुधिररूप जलमें नष्ट हुआ है पाप

जिसका, और शांत (दूर) किया है संसाररूप दुःख जिसका ऐसे जगत्को स्नान कराते हैं इससे आपकी जय हो ॥ ३ ॥

वितरसि दिक्षु रणे दिक्पतिकमनीयम् ॥ दश-मुखमौलिबलिं रमणीयम् ॥ केशव धृतरघुपति-रूप जय जगदीश हरे ॥ ७ ॥

पद—वितरसि क्रि० दिक्षु ७ रणे ७ दिक्पतिकमनीयम् २ दश-मुखमौलिबलिं २ रमणीयम् २ केशव १ धृतरघुपतिरूप १ जय क्रि० जगदीश १ हरे ७ ॥

योजना—हे केशव हे धृतरघुपतिरूप हे जगदीश हे हरे यतः त्वं रणे कमनीयं रमणीयं दशमुखमौलिबलिं दिक्षु वितरसि अतः त्वं जयः७॥

भाषार्थ—हे रामचंद्ररूपधारी केशव ! हे जगदीश ! हे हरे ! जिससे आप दिशाओंके अधिपति इंद्र आदि देवताओंकी इच्छाका विषय प्रिय (और रमणीय रावणके मस्तकोंकी बलि [भेंट] को संग्रामके विषय दिशाओंमें देते हो अर्थात् रावणके शिरोंको दशदिशाओंमें फेंकते हो इससे आपकी जय हो ॥ ७ ॥

वहसि वपुषि विशदे वसनं जलदाभम् ॥ हलहति-भीतिमिलितयमुनाभम् ॥ केशव धृतहलधररूप जय जगदीश हरे ॥ ८ ॥

पद—वहसि क्रि—वपुषि २ विशदे ७ वसनं ७ जलदाभम् २ हल-हतिभीतिभिलितयमुनाभम् २ केशव १ धृतहलधररूप १ जय क्रि० जगदीश १ हरे १॥

योजना—हे केशव हे धृतहलधररूप हे जगदीश हे हरे यतः त्वं विशदे वपुषि जलदाभम् हलहतिभीतिमिलितयमुनाभं वसनं वहसि अतः त्वं जय ॥ ८ ॥

भाषार्थ—हे बलदेवरूपधारी केशव ! हे जगदीश ! हे हरे! जिससे आप मेंघके समान है कांति जिसकी और हलके आघातकी भीतिसे प्राप्त हुयी यमुनाजीके समान है प्रकाश जिसका ऐसे नील वस्त्रको अपने शुक्ल शरीरके ऊपर धारण करते हो ऐससे आपकी जय हो ॥ ८ ॥

निन्दसि यज्ञविधेरहह श्रुतिजातम् ॥ सदयहृदय दर्शितपशुघातम् ॥ केशव धृतबुद्धशरीर जय जगदीश हरे ॥ ९ ॥

पद—निन्दसि क्रि० यज्ञविधेः ६ अहहऽ श्रुतिजातम् २ सदयहृदय-दर्शितपशुघातम् २ केशव १ धृतबुद्धशरीर १ जय क्रि० जगदीश १ हरे १ ॥ ९ ॥

योजना—हे केशव हे धृतबुद्धशरीर हे जगदीश हे हरे अहह यज्ञविधेः सदयहृदयदर्शितपशुघातं श्रुतिजातं निन्दसि त्वं जय ॥९॥

भाषार्थ—हे बुद्धिशरीरधारी केशव ! हे जगदीश ! हे हरे ! अहो ! दयासहितहृदयसे यज्ञसंबंधी विधिको प्रति पादन करने वाली श्रुतियोंमें पशु हिंसाके दोषको दिखाते हुए निंदा करते हो ऐसे आपकी जय हो ॥ ९ ॥

म्लेच्छनिवहनिधने कलयसि करवालम् ॥ धूमकेतुमिव कमपि करालम् ॥ केशव धृतकल्किशरीर जय जगदीश हरे ॥ १० ॥

पद-म्लेच्छनिवहनिधने ७ कलयसि क्रि० करवालम् २ धूमकेतुम् २ इव ऽ कम् १ अपि करालम् २ केशव धृतकल्किशरीर १ जय क्रि० जगदीश १ हरे १ ॥ १० ॥

योजना-हे केशव हे धृतकल्किशरीर हे जगदीश हे हरे त्वं म्लेच्छनिवहनिधने धूमकेतुम् इव कम् अपि करालं करवालं कलयसि अतः त्वं जय ॥ १० ॥

भाषार्थ-हे कल्की(असवारके) अवतारधारी केशव ! हे जगदीश ! हेहरे ! आप धमकेतु (उत्पातका तारा)के समान कहनेके अशक्य भयानक खड्गको म्लेच्छोंके समूहके मारनेके लिये धारण करते हो ऐसे आपकी जय हो ॥ १० ॥

श्रीजयदेवकवेरिदमुदितमुदारम् ॥ शृणु सुखद शुभदं भवसारम् ॥ केशव धृतदशविधरूप जय जगदीश हरे ॥ ११ ॥

इति श्रीगीतगोविन्दे प्रथम प्रबंधः ॥ १ ॥

पद-श्रीजयदेवकवेः ६ इदम् २ उदितम् २ उदारम् २ शृणु क्रि-सुखदम् २ शुभदम् भवसारम् २ केशव १ धृतदशविधरूप १ जय क्रि० जगदीश १ हरे १ ॥ ११ ॥

योजना-हे केशव हे धृतदशविधरूप हे जगदीश हे हरे श्रीजयदेवकवेः उदितम् उदारं सुखदं शुभदं भवसारम् इदं त्वं शृणु ॥ ११ ॥

भाषार्थ-धृतवान् असि [धरता है] इत्यादि वर्तमान कालके प्रयोगोंके देनेसे भगवान् और उनकी लीलाको नित्य दिखाया-इस प्रकार दस २ अवतारके गुणोंसे स्तुति करके कवि अपनी को स्तुतिको अवतारधारी भगवान्के अर्पण करते

हैं--हे दशप्रकारके अवतारधारी केशव! जगदीश! हे हरे! श्रीजयदेवकविके कहेहुये मनोहर--कल्याण और सुखके दाता और संसारमें सार इस गीतको आप श्रवण करो अथात् यह गीत आपके अर्पण हैं और आपकी जय हो ॥ ११ ॥

इति श्रीगीतगोविन्दभाषाविवृतौ प्रथमः प्रबन्धः ॥ १ ॥

वेदानुद्धरत जगन्निवहते भूगोलमुद्बिभ्रते दैत्यं दारयते बलिं छलयते क्षत्रक्षयं कुर्वते ॥ पौलस्त्यं जयते हलं कलयत कारुण्यमातन्वते म्लेच्छान्मूर्च्छयते दशाकृतिकृत कृष्णाय तुभ्यं नमः॥१॥

पद--वेदान् २ उद्धरते ४ जगत् २ निवहते ४ भूगोलम् २ उद्बिभ्रते ४ दैत्यम् २ दारयते ४ बलिम् २ छलयते ४ क्षत्रक्षयम् २ कुर्वते ४ पौलस्त्यम् २ जयते ४ हलम् २ कलयते ४ कारुण्यम् २ आतन्वते ४ म्लेच्छान् २ मूर्च्छयते ४ दशाकृतिकृते ४ कृष्णाय ४ तुभ्यम् ४ नमः ऽ ॥ १ ॥

योजना--वेदान् उद्धरते-जगत् निवहते-भूगोलम् उद्बिभ्रते-दैत्यं दारयते--बलिं छलयते-क्षत्रक्षयं कुर्वते-पौलस्त्यं जयते-हलं कलयते--कारुण्यम् आतन्वते-म्लेच्छान् मूर्च्छयते--दशाकृतिकृते कृष्णाय तुभ्यं नमः--करोमीति शेषः ॥ १ ॥

भाषार्थ--अब उक्त अवतारोंकाही संक्षेपसे वणन करते हैं मीन रूपसे वेदोंका उद्धार करनेवाले और कच्छपरूपसे जगत् (भूमण्डल) के धारी आर वराहरूपसे भूगालके धारी औ नृसिंहरूपसे हिरण्यकशिपु दैत्यके नाशक और वामनरूपसे बलिको

छलनेहारे और परशुरामरूपसे क्षत्रियोंके नाशकर्ता और रामचंद्र रूपसे रावणको जीतनेहारे और बलदेवरूपसे हलके धारी और बुद्धरूपसे अत्यंत दयाशील और कल्कीरूपसे म्लेच्छोंके नाशक इस प्रकार दश अवतारोंके धारी हे श्रीकृष्ण आपको ! नमस्कार है ॥ १ ॥

अथ द्वितीयप्रबन्धो गुर्जरीरागेण
प्रतिमंठताले गीयते ॥ २ ॥

श्रितकमलाकुचमण्डल धृतकुण्डल ए ॥ कलित-
ललितवनमाल जय जय देव हरे ॥ १ ॥

पद-श्रितकमलाकुचमण्डल १ धृतकुण्डल १ एऽ कलितललितवन-माल १ जय क्रि०जय क्रि०देव १ हरे ॥ १ ॥ १ ॥

योजना०ए श्रितकमलाकुचमण्डल हे धृतकुण्डल हे कलितललित-वनमाल हे देव हे हरे त्वं जय त्वं जय ॥ १ ॥

भाषार्थ-धारण किया है लक्ष्मीकी कुचाओंका मंडल जिसने और धारे हैं कुंडल जिसने और धारण की है सुंदर वन-माला जिसने ऐसे हे देव ! हे हरे ! आपकी जय अर्थात् भक्तोंके पक्षपातमें वृद्धि हो निदान तुम सबसे अधिक भक्तोंका पक्षपात करो ॥ १ ॥

दिनमणिमण्डलमण्डन भवखण्डन ए ॥ मुनिजन-
मानसहंस जय जय देव हरे ॥ २ ॥

पद-दिनमणिमण्डलमण्डन १ भवखण्डन १ एऽ मुनिजनमानसहंस १ जय क्रि०जय क्रि०देव १ हरे १ ॥ २ ॥

योजना--ए दिनमणिमण्डलमण्डन हे भवखण्डन हे मुनिजनमानस-हंस हे देव हे हरे त्वं जय ॥ २ ॥

भाषार्थ--हे सूर्यमंडलके भूषण ! हे भक्तोंके संसारनाशक ! हे मुनिजनोंके मानसरोवरके हंसतुल्य ! हे देव ! हे हरे आपकी जय हो जय हो ॥ २ ॥

कालियविषधरगञ्जन जनरञ्जन ए ॥ यदुकुलनलिन-दिनेश जय जय देव हरे ॥ ३ ॥

पद--कालियविषधरगञ्जन १ जनरञ्जन १ ए० यदुकुलनलिनदिनेश १ जय क्रि० जय क्रि० देव १ हरे १ ॥ ३ ॥

योजना--ए कालियविषधरगञ्जन हे जनरञ्जन हे यदुकुलालिन-दिनेश हे देव हे हरे त्वं जय २ ॥ ३ ॥

भाषार्थ--हे कालियसर्पके विषके नाशक ! हे जनोंको आनंदके दाता ! हे कमलरूप यदुकुलके सूर्य ! हे देव ! हे हरे ! आपकी जय हो जय हो ॥ ३ ॥

मधुमुरनरकविनाशन गरुडासन ए ॥ सुरकुल-केलिनिदान जय जय देव हरे ॥ ४ ॥

पद--मधुमुरनरकविनाशन १ हे गरुडासन १ ए० सुरकुलकेलि-निदान १ जय क्रि०जय क्रि०देव १ हरे ॥ ४ ॥

योजना--ए मधुमुरनरकविनाशन हे गरुडासन हे सुरकुलकेलि-निदान हे देव हे हरे त्वं जय ॥ ४ ॥

भाषार्थ--हे मधु मुर नरक इन दैत्योंके नाशक ! हे गरुडा-सन ! हे देवताओंके समूहकी क्रीडाके कारण ! हे देव ! हे हरे आपकी जय हो जय हो ॥ ४ ॥

अमलकमलदललोचन भवमोचन ए ॥ त्रिभुवन-
भवननिधान जय जय देव हरे ॥ ५ ॥

पद--अमलकमललोचन १ भवमोचन १ ए५ त्रिभुवनभवननिधान जय क्रि०जय क्रि०देव ९ हरे १ ॥ हरे १ ॥ ५ ॥

योजना--ए अमलकमलदललोचन हे भवमोचन--हे त्रिभुवनभवन-निधान हे देव हे हरे त्वं जय ज़य ॥ ५ ॥

भाषार्थ--हे निर्मलकमलके दलोंके समान नेत्रधारी ! हे संसारके बंधनको छुडानेहारे ! हे तीनों भुवनरूप घरके निधान ! (कोशवा खजाना) हे देव! हे हरे! आपकी जय हो जय हो॥५॥

जनकसुताकृतभूषण जितदूषण ए ॥ समरशमित-
दशकण्ठ जय जय देव हरे ॥ ६ ॥

पद--जनकसुताकृतभूषण १ जितदूषण १ ए५ समरशमितदशकंठ १ जय क्रि० जय क्रि० देव हरे १ ॥ ६ ॥

योजना--ए जनकसुकृतभूषणं हे जितदूषण हे समरशमितदशकंठ हे देव हे हरे त्वं जय जय ॥ ३ ॥

भाषार्थ--हे सीताजीको भूषितकरनेवाले ! हे दूषणनामा दैत्यको जीतनेवाले ! हे संग्राम (युद्ध) में रावणको शांत (नष्ट) करनेवाले ! हे देव ! हे हरे ! आपकी जय हो जय हो ॥ ६ ॥

अभिनवजलधरसुन्दर धृतमन्दर ए ॥ श्रीमुख-
चन्द्रचकोर जय जय देव हरे ॥ ७ ॥

पद--अभिनवजलधरसुंदर १ धृतमंदर १ ए५ श्रीमुखचन्द्रचकोर १ जय क्रि० जय क्रि० देव १ हरे १ ॥ ७ ॥

योजना--ए अभिनवजलधरसुंदर हे धृतमंदर हे श्रीमुखचन्द्रचकोर हे देव हे हरे त्वं जय जय ॥ ७ ॥

भाषार्थ--हे नवीनमेघके समान सुंदर! हे मंदराचलके धारी! हे चन्द्रमाके तुल्य लक्ष्मीमुखके चकोर! हे देव हे! हे हरे! आपकी जय हो जय हो ॥ ७ ॥

तव चरणे प्रणता वयमिति भावय ए ॥ कुरु कुशलं प्रणतेषु जय जय देव हरे ॥ ८ ॥

पद–तव चरणे ७ प्रणता १ वयम् १ इति ऽ भावय क्रि० एऽ कुरु क्रि०कुशलं १ प्रणतेषु ७ जय क्रि०जय क्रि०देव १ हरे १ ॥ ८ ॥

योजना–हे देव वयं तव चरणे प्रणताः स्मः इति त्वं भावय प्रणतेषु कुशलं कुरु ए हे हरे त्वं जय जय ॥ ८ ॥

भाषार्थ–हे परमेश्वर! हम आपके चरणोंमें प्रणाम करते हैं और तुम इस प्रकार पुणत हमारा कुशल करो और हे देव! हे हरे! आपकी जय हो अर्थात् प्रणाम करनेवाले हम लोगोंका कल्याण करो आपका जय हो ॥ ८ ॥

श्रीजयदेवकवेरिदं कुरुते मुदम् ॥ मंगलमुज्ज्वल-गीतं जय जय देव हरे ॥ ९ ॥

इति श्रीगीतगोविन्दे द्वितीयः प्रबन्धः ॥ २ ॥

पद–श्रीजयदेवकवेः ६ इदम् कुरुते क्रि०मुदम् २ मंगलम् १ उज्ज्वलगीतं १ जय क्रि–जय क्रि०देव १ हरे १ ॥ ९ ॥

योजना–श्रीजयदेवकवेः इदं मंगलम् उटज्वलगीतं मुदं कुरुते हे देव हे हरे त्वं जय जय ॥ ९ ॥

भाषार्थ–हे देव! हे हरे! श्रीजयदेवकविका कहा यह मंगल-मय निर्मलगीत जगत्को आनंद करता है हे भगवन्! आपकी जय हो जय हो ॥ ९ ॥

इति श्रीगीतगोविंदभाषाविवृतौ द्वितीयः प्रबंधः ॥ २ ॥

पद्मापयोधरतटीपरिरम्भलग्नकाश्मीरमुद्रितमुरो मधुसूदनस्य ॥ व्यक्तानुरागमिव खेलदनङ्गखेद-स्वेदाम्बुपूरमनुपूरयतु प्रियं वः ॥ १ ॥

पद-पद्मापयोधरतटीपरिरम्भलग्नकाश्मीरमुद्रितम् १ उरः १ मधुसूदनस्य ६ व्यक्तानुरागम् १ इवऽ खेलदनंगखेदस्वेदाम्बुपूरम् १ अनुपूरयतु क्रि० प्रियं २ वः ३ ॥ १ ॥

योजना-मधुसूदनस्य-पद्मापयोतरतटीपरिरंभलग्नकाश्मीरमुद्रितं खेलदनंगखेदस्वेदांबुपूरं व्यक्तानुरागम् इव उरः वः (युष्माकं) प्रियम् अनुपूरयतु ॥ १ ॥

भाषार्थ-लक्ष्मीकी स्तनोंके तटका जो स्पर्श उससे लगे हुए केशरसे चिह्नयुक्त और लक्ष्मीकी छातीपर खेलतेहुए कामदेव-की रतिक्रीडाके परिश्रमसे पसीनेके जलका प्रवाह है जिसमें, और प्रकट हुआ है मानो अनुराग (प्रीति) जिसमें ऐसा मधुसूदन (श्रीकृष्ण) भगवान्का वक्षःस्थल-आपके प्रिय) (प्रेम) को पूर्ण करो ॥ १ ॥

वसंते वासन्तीकुसुमसुकुमारैरवयवै-र्भ्रमंतीं कांतारे बहुविहितकृष्णानुसरणाम् ॥ अमन्दं कंदर्पज्वर-जनितचिंताकुलतया चलद्राधां राधां सरसमि-दमूचे सहचरी ॥ २ ॥

पद-वसन्ते ७ वासंतीकुसुमसुकुमारैः ३ अवयवैः ३ भ्रमन्तीम् २ कांतारे ७ बहुविहितकृष्णानुसरणाम् २ अमन्दम् २ कन्दर्पज्वरजनित-

चिंताकुलतया ३ चलद्राधाम् २ राधाम् २ सरसम् २ इदम् २ ऊचे क्रि० सहचरी १ ॥ २ ॥

योजना--काचित् सहचरी (सखी) वसन्ते वासंतीकुसुमसुकुमारैः अवयवैः उपलक्षितां कांतारे भ्रमंतीं बहुविहितकृष्णानुसरणाम्--अमंदं कंदर्पज्वरजनितचिंताकुलतया चलद्राधां राधां प्रति सरसम्--इदं (वक्ष्यमाणम्) ऊचे ॥ २ ॥

भाषार्थ--कोई सखी वसंतके समयमें माधवीलताके पुष्पोंके समान कोमल हैं अङ्ग जिसके और दुर्गम वनमें घूमती हुई और वारंवार दूतियोंके द्वारा चाहा है कृष्णका संग जिसने, अत्यंत जो कंदर्पका ज्वर उससे पैदा हुई चिंतासे व्याकुल, बढती हुई है बाधा (पीडा) जिसको ऐसी राधाजीके प्रति यह सरस वचन बोली अर्थात् ये विलासके वचन कहने लगी ॥ २ ॥

अथ तृतीयःप्रबंधो वसंतरागेण रूपकतालेगीयते३॥
ललितलवङ्गलतापरिशीलनकोमलमलयसमीरे ॥
मधुकरनिकरकरम्बितकोकिलकूजितकुञ्जकुटीरे ॥
॥१॥विहरति हरिरिह सरसवसन्ते॥ नृत्यति युवति-
जनेन समं सखि विरहिजनस्य दुरन्ते ॥ ध्रुव० ॥

पद--ललितलवंगलतापरिशीलनकोमलमलयसमीरे ७ मधुकरनिकरकरंबितकोकिलकूजितकुंजकुटीरे ७ विहरति क्रि० हरिः १ इहऽ सरसवसन्ते ७ नृत्यति क्रि० युवतिजनेन ३ समंऽ सखि १ विरहिजनस्य ६ दुरन्ते ७ ॥ १ ॥

योजना--हे सखि इह वृन्दावनविपिने ललितलवंगलतापरिशीलनकोमलमलयसमीरे मधुकरनिकरकरम्बितकोकिलकूजितकुञ्जकुटीरे विर-

हिजनस्य दुरंते सरसवसन्ते हरिः विहरति युवतिजनेन समं नृत्यति । अत्र सप्तपद्यां ललितेत्यादिसप्तभ्यंतानि पदन्ति वृंदावनविपिनवसन्तयोरुभयोर्विशेषणानि ॥ १ ॥

भाषार्थ-हे सखि (राधे) विरहीमनुष्यको दुःखसे गमन करनेके शक्य और मनोहर लवंगकी लताके संबंधसे कोमल है मलयागिरिका पवन जिसमें अर्थात् सुगंधितवायुसे शीतल और भ्रमरोंके समूहके संग मिलेहुए कोकिलोंसे कूजित हैं कुंजोंकी कुटि जिसमें, अर्थात् जहां भ्रमर और कोकिल कुंजोंमें शब्द कररहे हैं ऐसे रससहित वसंतमें इस श्रीवृंदावनवनमें श्रीकृष्णचंद्र विहार करते हैं और युवतिजनोंके संग नृत्य करते हैं अर्थात् अपने कामदेवकी अग्निकी शान्तिके लिये आपको भी वहां जाना उचित है ॥ १ ॥

उन्मदमदनमनोरथपथिकवधूजनजनितविलापे ॥
अलिकुलसंकुलकुसुमसमूहनिराकुलबकुलकलापे २।

पद-उन्मदमदनमनोरथपथिकवधूजनजनितविलापे ७ अलिकुलसंकुलकुसुमसमूहनिराकुलबकुलकलापे ७ ॥ २ ॥

योजना-ईदृशे सरसवसन्ते वृंदावनविपिने हरिः विहरति-क्रीडति चेत्यादि पूर्ववत् ॥ २ ॥

भाषार्थ-उन्मद (हर्ष) और कामदेव इनको पैदाकरनेवाला है मनोरथ जिनका ऐसी पथिकोंकी वध जिसमें विलाप कर रही हैं और भ्रमरोंके समूहसे व्याप्त पुष्पोंके समूहसे व्याकुल है बकुलवृक्षोंका समूह जिसमें अर्थात् जिसमें पथिकों

की वधू विरहिणी स्त्री विलाप कर रही हैं और जहां बकुलोंके वृक्षपर भ्रमर बैठे हुए हैं ऐसे वसन्तके समयमें श्रीवृंदावनके विषयमें श्रीकृष्णचंद्र क्रीडा कर रहे हैं और युवतिजनोंके संग नृत्य करते हैं ॥ २ ॥

मृगमदसौरभरभसवशंवदनवदलमालतमाले ॥ युवजनहृदयविदारणमनसिजनखरुचिकिंशुकजाले ॥ ३ ॥

पद–मृगमदसौरभरभसवशंवदनवदलमालतमाले ७ युवजनहृदयविदारणमनसिजनखरुचिकिंशुकजाले ७

योजना–पूर्ववत् ॥ ३ ॥

भाषार्थ–कस्तूरीकी सुगन्धिके वेगसे वशीभूत करनेवाली है नवीन२पत्तोंकी पंक्ति जिनकी ऐसे हैं तमाल जिसमें अर्थात् जहां तमालके नवीन पत्तोंमें कस्तूरीकीसी सुगंध आती है और तरुण मनुष्योंके हृदयको विदीर्ण (छेदन) करनेवाला जो कामदेव उसके नखोंके समान रुचि है जिनकी ऐसे पलाशके पुष्पोंका है समूह जिसमें अर्थात् जहां कामदेवके नखोंके तुल्य तुल्य खिलाहुआ किंशुक तरुणजनोंके हृदयको विदीर्ण कर रहा है । इससे विदीर्णहृदय कृष्णचंद्र अवश्य आपके समागमका चाहेंगे ॥ ३ ॥

मदनमहीपतिकनकदंडरुचिकेसरकुसुमविकाशे ॥ मिलितशिलीमुखपाटलिपटलकृतस्मरतूणविलासे ४ ॥

पद–मदनमहीपतिकनकदंडरुचिकेशरकुसुमविकाशे ७ मिलितशिलीमुखपाटलिपटलकृतस्मरतूणविलासे ७ ॥ ४ ॥

योजना-पूर्ववत् ॥ ४ ॥

भाषार्थ-कामदेवमहाराजके छत्रके जो सुवर्णदण्ड उसके समान है रुचि जिसको ऐसे केशरके पुष्पोंका है विकाश (खिलना) जिसमें और मिलेहुए हैं भ्रमर जिसमें ऐसे पाटल-पुष्पके समूह जिसमें कामदेवके तूण (तर्कस) की चेष्टा कर रहे हैं अर्थात् जहां नागकेशरके पुष्प अधिक हैं और काम-देवके तूणकी समान पाटलिके पुष्प खिल रहे हैं ॥ ऐसे वृंदा-वनमें श्रीकृष्णचंद्र क्रीडाकर रहे हैं ॥ ४ ॥

विगलितलज्जितजगदवलोकनतरुणकरुणकृतहासे ॥
विरहिनिकृन्तनकुन्तमुखाकृतिकेतकिदन्तुरिताशे ५॥

पद-विगलितलज्जितजगदवलोकनतरुणकरुणकृतहासे ७-विरहि-निकृन्तनकुन्तमुखाकृतिकेतकिदन्तुरिताशे ७ ॥ ५ ॥

योजना-पूर्ववत् ॥ ५ ॥

भाषार्थ-शिथिल हैं अंग जिसके ऐसे लज्जित संसारके देखनेसे नवीन करुणके वृक्ष जिसमें खिले हुए पुष्पोंके व्याजसे हँस रहे हैं और विरहीजनोंके मारक जो भालेके मुखाकर केतकीके पुष्प उनसे व्याप्त हैं दशोंदिशा जिसमें । शेष पूर्ववत् जानो ॥ ५ ॥

माधविकापरिमललिते नवमालतिजातिसुगन्धौ ॥
मुनिमनसामपि मोहनकारिणि तरुणाकारणबन्धौ६॥

पद-माधविकापरिमललिते ७ नवमालतिजातिसुगन्धौ ७ मुनि-मनसाम् ६ अपिऽ मोहनकारिणि ७ तरुणाकारणबन्धौ ७

योजना–पूर्ववत् ॥ ६ ॥

भाषार्थ--माधवीके लतासे मनोहर और नवीन मालती और जातिके पुष्पोंकी है सुगंधि जिसमें और मुनियोंके भी मनको मोहनेवाला और तरुण मनुष्योंका स्वाभाविक मित्र ऐसे वसन्तमें ऐसे वृंदावनमें श्रीकृष्णचंद्र क्रीडा कर रहे हैं ॥ ६ ॥

स्फुरदतिमुक्तलतापरिरम्भणमुकुलितपुलकितचूते॥
वृन्दावनविपिने परिसरपरिगतयमुनाजलपूते ॥७॥

पद–स्फुरदतिमुक्तलतापरिरम्भणमुकुलितपुलकितचूते ७ वृंदावनविपिने ७, परिसरपरिगतयमुनाजलपूते ७ ॥ ७ ॥

योजना–हे राधे स्फुरदति० कितचूते परिसरपरिगतयमुनाजलपूते वृंदावनविपिने त्वं परिसर (गच्छ) ॥ ७ ॥

भाषार्थ–हलतीहुई अतिमुक्तलताके स्पर्शसे खिले हैं आनंद से आम्रके वृक्ष जिसमें और जिसके समीपभागमें प्राप्त हुए यमुनाके जलसे पवित्रता है ऐसे श्रीवृंदावनविपिनमें श्रीकृष्णचंद्र क्रीडा करते हैं अर्थात् जो जो कामदेवके उद्दीपक चिह्न वर्णन किये हैं उन सबसे युक्त इस वसंतके समयमें पूर्वोक्त मनोहर श्रीवृंदावनके विषे हे राधे आपका जाना अवश्य श्रीकृष्ण चंद्रजीके समागमका कारण होगा ॥ ७ ॥

श्रीजयदेवभणितमिदमुदयतु हरिचरणस्मृतिसारम्॥
सरसवसन्तसमयवनवर्णनमनुगतमदनविकारम्॥८॥

इति श्रीगीतगोविन्दे तृतीयः प्रबन्धः ॥ ३ ॥

पद-श्रीजयदेवभणितम् १ इदम् १ उदयतु क्रि०हरिचरण-स्मृतिसारम् १ सरसवसन्तसमयवनवर्णनम् १ अनुगतमदन-विकारम् १ ॥ ८ ॥

योजना-श्रीजयदेवभणितम् इदम् हरिचरणस्मृतिसारम् सरसव-सन्तसमयवनवर्णनम् १ अनुगतमदनविकारम् उदयतु ॥ ८ ॥

भाषार्थ-परमेश्वरके चरणोंका स्मरण है मुख्य जिसमें और कामदेवके विलासका है अनुकरण जहां ऐसा यह भी जयदेव-कविका कहा रससहितवसंतसमयके वनका वर्णन उदयको प्राप्त हे अर्थात् चिरकालतक स्थिर रहो ॥ ८ ॥

इति श्रीभाषाविवृतौ तृतीयः प्रबन्धः ॥ ३ ॥

दरविगलितमल्लीवल्लिचञ्चत्परागप्रकटितपटवासै-र्वासयन्काननानि ॥ इह हि दहति चेतः केतकी-गन्धबन्धुः प्रसरदसमबाणप्राणवद्गन्धवाहः ॥ १ ॥

पद-दरविगलितमल्लीवल्लिचंचत्परागप्रकटितपटवासैः ३ वास-यन् १ काननानि२ इहऽ हिऽ दहति क्रि०चेतः २ केतकीगन्धबन्धुः१ प्रसरदसमबाणप्राणवद्गन्धवाहः १ ॥ १ ॥

योजना-इह केतकीगंधबंधुः गंधवाहः प्रसरदसमबाणप्राणवत् दरविगलितमल्लीवल्लिचंचत्परागप्रकटितपटवासैः काननानि वासयन् सन् विरहिणां चेतः दहति ॥ १ ॥

भाषार्थ-हे राधे इस वसन्तके समयमें किंचित् खिली हुई चमेलीकी लताओंमें उडती हुई पटवासचूर्णकी समान पुष्पोंका रजोंसे केतकीके गंधसे सुगंधित वायु चलते हुए काम-देवके बाणोंके प्राणके समान विरहीजनोंके चित्तको दग्ध करता

है अर्थात् सुगंधितवायुसे इस वसन्तके समयमें विरहीजनोंका चित्त दग्ध हो रहा है इससे आपका गमन उचित है ॥

अद्योत्सङ्गवसद्भुजङ्गकवलक्लेशादिवेशाचलं प्रालेय-
प्लवनेच्छयाऽनुसरति श्रीखण्डशैलानिलः ॥ किंच
स्निग्धरसालमौलिमुकुलान्यालोक्य हर्षोदयादुन्मी-
लंति कुहूः कुहूरिति कलोत्तालाः पिकानां गिरः ॥ २॥

पद–अद्यऽ उत्सङ्गवसद्भुजङ्गकवलक्लेशादिवेशाचलं २ प्रालेय-प्लवनेच्छया ३ अनुसरति क्रि० श्रीखण्डशैलानिलः १ किंचऽ स्निग्धरसालमौलिमुकुलानि २ आलोक्यऽ हर्षोदयात् ५ उन्मीलन्ति क्रि०कुहूः कुहूः १ इतिऽ कलोत्तालाः १ पिकानां ६ गिरः १ ॥ २॥

योजना–हे राधे अद्य श्रीखण्डशैलानिल उत्संगवसद्भुजंगकवल-क्लेशात् इव प्रालेयप्लवनेच्छया ईशाचलम् अनुसरति, किंच पिकानां गिरः स्निग्धरसालमौलिमुकुलानि आलोक्य कुहूः कुहूः इति कलोत्तालाः हर्षोदयात् उन्मीलंति ॥ २ ॥

भाषार्थ–हे राधे ! आज वसन्तके समयमें मलयाचलका-पवन मानो अपनी गोष्ठीमें वसते हुए सर्पोंके ग्रासके भयसे हिममें डूबनेकी इच्छासे हिमाचलकी तरफ गमन करता है और कोकिलोंकी वाणी कोमल २ आम्रके वृक्षोंको देखकर आनंदसे उदयसे कुहूः कूहूः यह है ऊंचा ताल जिनमें ऐसी निकलती हैं ॥ २ ॥

उन्मीलन्मधुगन्धलुब्धमधुपव्याधूतचूताङ्कुरक्रीड-
त्कोकिलकाकलीकलकलैरुद्गीर्णकर्णज्वराः ॥ नीयन्ते

पथिकैः कथंकथमपि ध्यानावधानक्षणप्राप्तप्राणसमा-
समागमरसोल्लासैरमी वासराः ॥ ३ ॥

पद-उन्मीलन्मधुगन्धलुब्धमधुपव्याधूतचूताङ्कुरक्रीडत्कोकिल-
काकलीकलकलैः३ उद्दीर्णकर्णज्वराः १ नीयन्ते क्रि०पथिकैः ३ कथंऽ
कथमूऽअपिऽ ध्यानावधानक्षणप्राप्तप्राणसमासमागमरसोल्लासैः३अमी
१ वासराः १ ॥ ३ ॥

योजना-उन्मीलन्मधुगंधलुब्धमधुपव्याधूतांकुरक्री डत्कोकिल-
काकलीकलकलैः उद्दीर्णकर्णज्वराः अमी वासराः ध्यानावधानक्षण-
प्राप्तप्राणसमासमागमरसोल्लासैः पथिकैः कथंकथमपि नीयन्ते ॥३॥

भाषार्थ-ध्यानमें चित्तकी एकाग्रतासे क्षणमात्रमें प्राप्त हुए जो स्मरण की प्राणप्रिया उसके समागमके रसका है उल्लास (आनंद) जिसको ऐसे पथिकजन, जिन दिनोंमें खिले हुए मधु (महुआ) के पुष्पके गंधके लोभी भ्रमरोंने कंपाये हुए आम्रके वृक्षके अंकुरोंमें क्रीडा करते हुए कोकिलोंकी सूक्ष्म और अव्यक्त मधुरध्वनियोंके कोलाहल सुननेसे पैदा होता है मनमें उपताप अर्थात् वह कोकिलोंकी ध्वनि जिन वसन्तके दिनोंमें दुःखदायी है ऐसे वसन्तके दिनोंको किसी किसी प्रकार बडी कठिनतासे व्यतीत करते हैं ॥ ३ ॥

अनेकनारीपरिरम्भसंभ्रमस्फुरन्मनोहारिविलास-
लालसम् ॥ मुरारिमारादुपदर्शयंत्यसौ सखी-
समक्षं पुनराह राधिकाम् ॥ ४ ॥

पद-अनेकनारीपरिरंभसंभ्रमस्फुरन्मनोहारिविलासलालसं २मुरारिम्

२ आरात्ऽउपदर्शयन्ती १ असौ १ सखी १ समक्षंऽपुनः आह क्रि० राधिकाम् २ ॥ ४ ॥

योजना—अनेकनारीपरिरंभसंभ्रमस्फुरन्मनोहारिविलासलालसं मुरारिम् आरात् समक्षम् उपदर्शयन्ती असौ सखी पुनः राधिकाम् आह ॥ ४ ॥

भाषार्थ—अनेकस्त्रियोंके आलिंगन (स्पर्श) के आदरसे प्रकट है मनोहर विलासमें लालसा जिसकी ऐसे मुरारिको दूर पर प्रत्यक्ष दिखातीहुई यही सखी फिर राधिकाजीके प्रति बोली ॥ ४ ॥

अथ चतुर्थप्रबंधो रामकलीरागेण रूपकताले गीयते।४।

चंदनचर्चितनीलकलेवरपीतवसनवनमाली ॥
केलिचलन्मणिकुंडलमंडितगंडयुगस्मितशाली॥१॥
हरिरिह मुग्धवधूनिकरे विलासिनि विलसति
केलिपरे ॥ ध्रु० ॥

पद—चंदनचर्चितनीलकलेवरपीतवसनवनमाली १ केलिचलन्मणिकुण्डलमण्डितगण्डयुगस्मितशाली १ हरिः १ इहऽ मुग्धवधूनिकरे ७ विलासिनि ७ विलसति क्रि० केलिपरे ७ ॥ १॥

योजना—हे विलासिनि—चंदनचर्चितनीलकलेवरपीतवसनवनमाली केलिचलन्मणिकुण्डलमण्डितगण्डयुगस्मितशाली हरिः केलिपरे मुग्धवधूनिकरे विलसति ॥ १ ॥

भाषार्थ—हे विलासिनि राधे ! चंदनको नीलशरीरपर लगाकर पीतवस्त्र और वनमालाको धारणकर और क्रीडासे चलायमान मणिजटितकुण्डलोंसे शोभित हैं दोनों गण्डस्थल जिसके

और किंचित् हँसीसे शोभित है मुखारविंद जिसका ऐसे श्रीहरि क्रीडामें तत्पर मनोहरकामिनियोंके समूहमें इस वृंदावनमें विलास करते हैं ॥ १ ॥

पीनपयोधरभारभरेण हरिं परिरभ्य सरागम् ॥
गोपवधूरनुगायति काचिदुदञ्चितपञ्चमरागम् ॥ २ ॥

पद-पीनपयोधरभारभरेण ३ हरिं २ परिरभ्यऽ सरागं १ गोपवधूः १ अनुगायति क्रि०का १ चित्ऽ उदंचितपंचमरागम् ॥ २ ॥

योजना-काचित् गोपवधूः पीनपयोधरभारभरेण सरागं हरिं परिरभ्य उदंचितपंचमरागम् अनुगायति ॥ २ ॥

भाषार्थ-हे राधे कोई गोपी अपने पुष्ट (भारी) स्तनोंके भारके भर (गौरव) से सुन्दर प्रीतिपूर्वक श्रीकृष्णचंद्रजीका आलिंगन (स्पर्श) करके फिर पंचमराग है प्रगट जिसमें ऐसा गान करती है ॥ २ ॥

कापि विलासविलोलविलोचनखेलनजनितमनोजम्।
ध्यायति मुग्धवधूरधिकं मधुसूदनवदनसरोजम् ॥३॥

पद-का १ अपिऽ विलासविलोललोचनखेलनजनितमनोजम् २ ध्यायति क्रि०मुग्धवधूः १ अधिक २ मधुसूदनवदनसरोजम्२ ॥ ३॥

योजना-का अपि मुग्धवधूः विलासविलोलविलोचनखेलनजनितमनोजम् मधुसूदनवदनसरोजम् अधिकं ध्यायति ॥ ३ ॥

भाषार्थ-कोई मनोहर गोपी विलाससे चंचलनेत्रोंके संचारसे पैदाकिया ह कामदेव जिसने ऐसे श्रीकृष्णचंद्रजीके मुखारविंदका ध्यान करती हैं अर्थात् श्रीकृष्णचंद्रजीके मुखकी चिंतासेही अपनी कामाग्निको शांत कर रही है ॥ ३ ॥

कापि कपोलतले मिलिता लपितुं किमपि श्रुति-
मूले॥ चारु चुचुंब नितम्बवती दयितं पुलकैरनुकूले॥

पद–का १ अपिऽकपोलतले ७ मिलिता १ लपितुंऽ किम् ऽ अपिऽ श्रुतिमूले ७ चारु २ चचुंब क्रि० नितम्बवती १ दयितं २ पुलकैः ३ अनुकूले ७ ॥ ४ ॥

योजना–श्रुतिमूले किम् अपि लपितुम् मिलिता का अपि नितम्बवती पुलकैः अनुकूले कपोलतले दयितं (श्रीकृष्णचंद्रं) चारु यथा स्यात्तथा चुचुंब ॥ ४ ॥

भाषार्थ–कोई गोपी कानोंके मूल देशमें कुछ कहनेके लिये मुखको लगाकर रोमांच खडी है जिसमें ऐसे श्रीकृष्णचंद्रजीके कपोलोंका भली प्रकार चुंबन करती भई अर्थात् कहनेके छलसे मुखचुंबन कररही है ॥ ४ ॥

केलिकलाकुतुकेन च काचिदमुं यमुनाजलकूले॥
मञ्जुलवञ्जुलकुञ्जगतं विचकर्ष करेण दुकूले ॥ ५ ॥

पद–केलिकलाकुतुकेन ३ चऽ का १ चित्ऽ अमुं२यमुनाजलकूले७ मंजुलवंजुलकुंजगतम् २ विचकर्ष क्रि० करेण ३ दुकूले ७ ॥ ५ ॥

योजना–काचित् गोपी यमुनाजलकूले केलिकलाकुतुकेन मंजुलवंजुलकुंजगतम् अमुं श्रीकृष्णचंद्रं करेण दुकुले विचकर्ष ॥ ५ ॥

भाषार्थ–कोई गोपी शृंगाररसकी क्रीडाकी वांछासे यमुनाजलके तटपर जो मनोहर वेतोंका कुंज उसमें टिके हुये इन श्रीकृष्णचंद्रजीको हाथसे दुकूल (दुपट्टा) पकडकर खींचती भई अर्थात् श्रीकृष्णचंद्रजीको सङ्ग शृंगाररसकी क्रीडाके आनंदके भोग रही है ॥ ५ ॥

करतलतालतरलवलयावलिकलितकलस्वनवंशे ॥
रासरसे सह नृत्यपरा हरिणा युवतिः प्रशशंसे॥६॥

पद—करतलतालतरलवलयावलिकलितकलस्वनवंशे ६ रासरसे ७ सहऽ नृत्यपरा ९ हरिणा ३ युवतिः ९ प्रशशंसे क्रि० ॥ ६ ॥

योजना—करतलतालतरलवलयावलिकलितकलस्वनवंशे रासरसे सह नृत्यपरा काचित् युवतिः हरिणा प्रशशंसे ॥ ६ ॥

भाषार्थ—करतालीके तालसे चंचल जो कंकणोंकी पंक्ति उसके संग मिला है मधुर और प्रकट शब्द जिनका ऐसे हैं वंश जिसमें ऐसी रासक्रीडाके अनुरागमें संग नृत्य करती हुई किसी युवति (जवानगोपी) की श्रीकृष्णचंद्रजीने प्रसंसा की अर्थात् धन्यवाद दिया ॥ ६ ॥

श्लिष्यति कामपि चुंबति कामपि रमयति कामपि रामाम्॥पश्यति सस्मितचारु परामपरामनुगच्छति वामाम् ॥ ७ ॥

पद—श्लिष्यति क्रि०कामू२अपिऽ चुंबति क्रि०कामू२अपिऽ रमयति क्रि० कामू २ अपि रामाम् २ पश्यति क्रि०सस्मितचारु २ पराम् २ अनुगच्छति क्रि०वामाम् २ ॥ ७ ॥

योजना—श्रीकृष्णः कामू अपि रामां श्लिष्यति कामू अपि चुम्बति कामू अपि रमयति परां सस्मितचारु यथा स्यात्तथा पश्यति अपरां वामाम् अनुगच्छति ॥ ७ ॥

भाषार्थ—हे राधे ! श्रीकृष्णचंद्रजी किसी गोपीका आलिंगन (स्पर्श) करते हैं किसीके मुखका चंबन करते हैं और

किसी गोपीके संग रमण (क्रीडा) करते हैं और किसीको हंसकर मनोहर दृष्टिसे देखते हैं और किसी सुंदर गोपीके संग अनुगमन करते हैं अर्थात् पीछे २ चलते हैं ॥ ७ ॥

श्रीजयदेवकवेरिदमद्भुतकेशवकेलिरहस्यम् ॥ वृन्दावनविपिने ललितं वितनोतु शुभानि यशस्यम् ॥८॥

इति श्रीगीतगोविन्दे चतुर्थः प्रबंधः ॥ ४ ॥

पद–श्रीजयदेवकवेः ६ इदम् ९ अद्भुतकेशवकेलिरहस्यम् १ वृंदावनविपिने ७ ललितम् १ वितनोतु क्रि० शुभानि२ यशस्यम् ॥१८॥

योजना–श्रीजयदेवकवेः–अद्भुतकेशवकेलिरहस्यम् यशस्यम् वृन्दावनविपिने ललितम् इदम् गीतय भक्तानां शुभानि वितनोतु ॥ ८ ॥

भाषार्थ–जो अद्भुत है और जिसमें केशवकी क्रीडाका रहस्य (आनंद) है और श्रीवृन्दावनके विषे जो मनोहर है अर्थात् अनेक रसोंसे युक्त होनेसे एकबार सब गोपियोंको आनंदका दाता है और जो यशका कर्ता है ऐसा यह श्रीजयदेवकविका गीत भक्तोंको कल्याणका दाता हो ॥ ८ ॥

इति श्रीगीतगोविंदभाषाविवृतौ चतुर्थःप्रबन्धः ॥ ४ ॥

विश्वेषामनुरञ्जनेन जनयन्नानन्दमिन्दीवरश्रेणीश्यामलकोमलैरुपनयन्नङ्गैरनङ्गोत्सवम् ॥ स्वच्छन्दं व्रजसुन्दरीभिरभितः प्रत्यङ्गमालिङ्गितः शृङ्गारः सखि मूर्तिमानिव मधौ मुग्धो हरिः क्रीडति ॥ १ ॥

पद–विश्वेषाम् ६ अनुरंजनेन ३ जनयन् १ आनंदम् २ इंदीवरश्रेणीश्यामलकोमलैः ३ उपनयन् १अंगैः ३ अनंगोत्सवम् १ स्वच्छंदं

२ व्रजसुंदरीभिः ३ अभितःऽ प्रत्यंगम् २ आलिंगितः १ शृंगारः १ सखि १ मूर्तिमान् १ इवऽ मधौ ७ मुग्धः१हरिः १ क्रीडति क्रि०॥

योजना-हे सखि (राधे) व्रजसुंदरीभिः अभितः प्रत्यंगं स्वच्छंदं यथा स्यात्तथा आलिंगितः मुग्धः हरिः मूर्तिमान् शृंगारः इव अनुरंजनेन विश्वेषाम् आनंदं जनयन् इंदीवरश्रेणीश्यामलकोमलैः अंगैः अनंगोत्सवम् उपनयन् सन् मधौ क्रीडति ॥ १ ॥

भाषार्थ-हे सखि ! (राधे) अनुरागसे संपूर्ण भक्तोंको आनंद करते हुए और नीलकमलकी पंक्तिके समान श्याम और कोमल अपने अंगोंसे कामदेवके उत्साहको उत्पन्न करते हुये और चारों ओरसे व्रजसुंदरियोंने अपनी २ इच्छाके अनुसार आलिंगन किये हैं संपूर्ण अंग जिसके ऐसे मनोहर श्रीकृष्णचंद्रजी मूर्तिको इस धारण किये शृंगार रसके समान वसंतके समयमें क्रीडा करते हैं तात्पर्य यह है। कि उस शृङ्गार रसकी क्रीडाका आनंद आपके भी देखने योग्य है ॥ १ ॥

रासोल्लासभरेण विभ्रमभृतामाभीरवामभ्रुवामभ्यर्ण-
परिरभ्य निर्भरमुरः प्रेमान्धया राधया ॥ साधु त्वद्व-
दनं सुधामयमिति व्याहृत्य गीतस्तुतिव्याजादुद्भट-
चुम्बितः स्मितमनोहारी हरिः पातु वः ॥ २ ॥

इति श्रीकविराजश्रीजयदेवकृते गीतगोविन्दे महा-
काव्ये सामोददामोदरो नाम सटाकः प्रथमः सर्गः॥ १॥

पद-रासोल्लासभरेय ३ विभ्रमभृताम् ६ आभीरवामभ्रुवाम् ६ अभ्यर्णम् २ परिरभ्यऽ निर्भरम् २ उरः २ प्रेमान्धया ३ राधया ३

साधु १ त्वद्वचनम् १ सुधामयम् १ इतिऽ व्याहृत्यऽ गीतस्तुतिव्याजात्ऽउद्भटचुंबितः १ स्मितमनोहारी १हरिः १ पातु क्रि०वः२ ॥२॥

योजना—रासोल्लासभरेण विभ्रमभृताम् आभीरवामभ्रुवाम् अभ्यर्णं निर्भरं यथा स्यात्तथा उरः परिरभ्य त्वद्वदनं साधु सुधामयम् इति व्याहृत्य गीतस्तुतिव्याजात् प्रेमान्धया राधया उद्भटचुंबितः स्मितमनोहारी हरिः वः (युष्मान्) पातु ॥ २ ॥

भाषार्थ—रासक्रीडाके आनंदकी अधिकतासे शृंगारविलास करतीहुई गोपीयोंके समक्ष (सामने) श्रीकृष्णचंद्रजीके वक्षःस्थलका निर्भरता (जोर) से आलिंगन करके प्रेमसे अंधी हुई अर्थात् श्रीकृष्णसे अन्यको नहीं देखती हुई राधाजीने तेरा मुख अमृतरूप बहुत अच्छा है यह कहकर गीतकी स्तुतिके व्याज (मिस) से प्रकट किया है चुंबन जिसका और राधाके मुख चुंबनकी चतुरताको देखकर हँसीसे सबके मन हरनेको है शील जिनका ऐसे श्रीकृष्णचंद्र हे भक्त जनो ! तुम्हारी रक्षा करो ॥ २ ॥

इति पं० मिहिरचंद्रकृतगीतगोविंदविवृतौ सामोददामोदरो नाम प्रथमः सर्गः ॥ १ ॥

द्वितीयसर्गः ॥ २ ॥

विहरति वने राधा साधारणप्रणये हरौ विगलितनिजोत्कर्षादीर्ष्यावशेन गतान्यतः ॥ क्वचिदपि लताकुञ्जे गुञ्जन्मधुव्रतमण्डलीमुखराशीखरे लीना दीनाप्युवाच रहः सखीम् ॥ १ ॥

पद-विरहति ७ वनेऽ राधा १ साधारणप्रणये ७ हरौ ७ विगलित-निजोत्कर्षात् ५ ईर्ष्यावशेन ३ गता १ अन्यतःऽ क्वचित्ऽ अपिऽ लताकुञ्जे ७ गुंजन्मधुव्रतमंडलीमुखराशिखरे ७ लीना १ दीना१अपिऽ उवाच क्रि० रहःऽ सखीम् २ ॥ १ ॥

योजना--साधारणप्रणये हरौ वने विहरति सति विगालेतनिजोत्कर्षात् ईर्ष्यावशेन अन्यतः गता गुंजन्मधुव्रतमंडलीमुखराशिखरे क्वचित् अपि लताकुंजे लीना दीना अपि राधा सखीं रहः उवाच॥१॥

भाषार्थ-जिस समय सब गोपियोंके संग साधारणप्रेमसे श्रीकृष्णचंद्र वनमें विहार कर रहे थे उस समय अपने नष्टभाग्य और ईर्ष्याके वशसे अर्थात् अपनेमें श्रीकृष्णकी अधिक प्रीति न देखकर अन्यस्थलमें गई और गुंजती हुई भ्रमरोंकी मंडली जहां वृक्षोंके अग्रभागपर शब्द कर रही है ऐसी लताओंके कुंजमें छिपी हुई और दीन (दुःखी) श्रीराधाजी अपने सखीको एकांतमें यह वचन बोली अर्थात् पश्चात्तापके वचन कहने लगीं ॥ १ ॥

अथ पञ्चमप्रबन्धो गुर्जरीरागेण रूपकताले गीयते॥५॥

संचरदधरसुधामधुरध्वनिमुखरितमोहनवंशम् ॥
चलितदृगञ्चलचञ्चलमौलिकपोलविलोलवतंसम् ॥ १ ॥
रासे हरिमिह विहितविलासम् ॥स्मरति मनो मम कृत-परिहासम् ॥ ध्रु० ॥

पद-संचरदधरसुधामधुरध्वनिमुखरितमोहनवंशम् २ चलितदृगंचलचंचलमौलिकपोलविलोलवतंसम् २ रासे ७ हरिम् २ इहऽ विहितविलासम् २ स्मरति क्रि० मनः १ मम ६ कृतपरिहासम् २ ॥ १ ॥

योजना–हे सखि ! इह रासे विहितविलासं कृतपरिहासं संचरदधरसुधामधुरध्वानिमुखरितमोहनवंशं चलितदृगंचलचंचलमौलिकपोलविलोलवतंसं हरिं मम मनः स्मरति ॥ १ ॥

भाषार्थ–हे सखि निकसती है अधरकी सुधा जिसमें ऐसी मधुरध्वनिसे बजायी है मोहन वंशी जिन्होंने और फेंके हैं कटाक्ष जिन्होंने और चंचल है मस्तक जिनका और कपोलोंपर चंचल हैं कुण्डल जिनके और इस वृंदावनमें किया है रासमें विलास जिन्होंने और मेरे संग की है हँसी जिन्होंने ऐसे श्रीकृष्णचंद्रजीको मेरा मन स्मरण करताहै ॥ १ ॥

चन्द्रकचारुमयूरशिखण्डकमण्डलवलयितकेशम् ॥
प्रचुरपुरन्दरधनुरनुरञ्जितमेदुरमुदिरसुवेषम् ॥ २ ॥

पद–चन्द्रकचारुमयूरशिखण्डकमण्डलवलयितकेशम् २ प्रचुरपुरन्दरधनुरनुरञ्जितमेदुरमुदिरसुवेषम् २ ॥ २ ॥

योजना–एवंभूतं कृष्णं मम मनः स्मरति इति पूर्वोक्तध्रुवपदेनान्वयः ॥ २ ॥

भाषार्थ–विचित्र वर्णोंके चिह्नोंसे सुंदर मयूरपिच्छोंके समूहसे कंकणके आकार लपेटे हैं केश जिन्होंने और इसीसे प्रचुर (विस्तृत) इंद्रके धनुषका है चित्र जिनका ऐसे सघन मेघके समान है सुंदर वेष जिनका ऐसे श्रीकृष्णचंद्रको मेरा मन स्मरण करता है ॥ २ ॥

गोपकदम्बनितम्बवतीमुखचुम्बनलम्भितलोभम् ।
बन्धुजीवमधुराधरपल्लवमुल्लसितस्मितशोभम् ॥ ३ ॥

पद—गोपकदम्बनितम्बवतीमुखचुम्बनलम्बितलोभम् २ बन्धुजीव मधुराधरपल्लवम् २ उल्लसितस्मितशोभम् ॥ २ ॥ ३ ॥

योजना—ध्रुवपदेन सह पूर्ववत् ॥ ३ ॥

भाषार्थ—हे सखि ! संपूर्ण गोपस्त्रियोंके मुखचुम्बनसे पैदा हुआ है लोभ जिनको और बन्धुजीव पुष्पके समान मधुर है अधरपल्लव जिनका और प्रकाश कीहुई हँसीसे है शोभा जिनकी ऐसे श्रीकृष्णचन्द्रको मेरा मन स्मरण करता है ॥ ३ ॥

विपुलपुलकभुजपल्लववलयितवल्लवयुवतिसहस्रम् ॥
करचरणोरसि मणिगणभूषणकिरणविभिन्नतमिस्रम् ४॥

पद—विपुलपुलकभुजपल्लववलयितवल्लवयुवतिसहस्रम् २। करचरणोरसि ७ मणिगणभूषणकिरणविभिन्नतमिस्रम् २ ॥ ४ ॥

योजना—ध्रुवपदेन पूर्ववत् ॥ ४ ॥

भाषार्थ—अधिक हैं रोम जिनमें ऐसी भुजलताओंसे वेष्टित की (लपेटी) हैं अहीरोंकी सहस्रों युवति जिन्होंने और करचरण वक्षःस्थल इनके भूषणोंमें जटित मणियोंके समूहकी किरणोंसे नष्ट किया है अन्धकार जिन्होंने ऐसे श्रीकृष्णचन्द्रजीका मेरा मन स्मरण करता है ॥ ४ ॥

जलदपटलचलदिन्दुविनिन्दकचन्दनतिलकललाटम् ॥
पीनपयोधरपरिसरमर्दननिर्दयहृदयकपाटम् ॥ ५ ॥

पद—जलदपटलचलदिन्दुविनिन्दकचन्दनतिलकललाटम् २ पीनपयोधरपरिसरमर्दननिर्दयहृदयकपाटम् २ ॥ ५ ॥

योजना—ध्रुवपदेन पूर्ववत् ॥ ५ ॥

भाषार्थ—हे सखि ! जिनके ललाटपर चंदनका तिलक

मेघोंके समूहमें चलायमान चंद्रमाकी निंदा करता है और जिनके कपाटके समान भारी हृदयमें पीन (पुष्ट) स्तनोंके प्रान्त भागके मलनेसे दया नहीं है अर्थात् निर्दय होकर गोपियोंके स्तनोंको मलते हैं ऐसे श्रीकृष्णचन्द्रजीका मेरा मन स्मरण करता है ॥ ५ ॥

मणिमयमकरमनोहरकुण्डलमण्डितगण्डमुदारम् ॥
पीतवसनमनुगतमुनिमनुजसुरासुरवरपरिवारम् ॥६॥

पद–मणिमयमकरमनोहरकुण्डलमण्डितगण्डम् । २ उदारम् २ पीतवसनम् २ अनुगतमुनिमनुजसुरासुरवरपरिवारम् २ ॥ ६ ॥

योजना–ध्रुवपदेन पूर्ववत् ॥ ६ ॥

भाषार्थ–हे सखि मणिसे जटित मनोहर मकराकृति कुण्डलोंसे जिनके कपोल मण्डित हैं और जो सबके वांछित-को पूर्ण करते हैं और पीतांबरको धारण रहे है और अपने अनुयायी मुनि मनुष्य देवता असुर इनमें जो श्रेष्ठ वही जिनका परिवार है ऐसे श्रीकृष्णचंद्रजीको मेरा मन स्मरण करता है ॥ ६ ॥

विशदकदम्बतले मिलितं कलिकलुषभयं शमयन्तम् ॥
मामपि किमपि तरङ्गदनङ्गदृशा मनसा रमयन्तम् ॥७॥

पद–विशदकदम्बतले ७ मिलितं २ कलिकलुषभयं २ शमयन्तम् २ माम् २ अपिऽ किम् २ अपि ऽ तरङ्गदनङ्गदृशा ३ मनसा ३ रमयन्तम् २ ॥ ७ ॥

भाषार्थ–सुंदरकदम्बके तेलमें मिले और कलिकालमें उत्पन्न हुए पाप भयके नाशक और प्रतीत होता है कामदेवका

योग जिसमें ऐसी दृष्टि और हृदयसे मेरे संगभी किंचित् रमण करनेहारे श्रीकृष्णचंद्रजीको हे सखि ! मेरा मन स्मरण करता है ॥ ७ ॥

श्रीजयदेवभणितमतिसुन्दरमोहनमधुरिपुरूपम् ॥
हरिचरणस्मरणं प्रति संप्रति पुण्यवतामनुरूपम् ॥८॥

इति श्रीगीतगोविन्दे पञ्चमः प्रबन्धः ॥ ५ ॥

पद-श्रीजयदेवभणितम् १ अतिसुन्दरमोहनमधुरिपुरूपम् १ हरिचरणस्मरणम् २ प्रतिऽ पुण्यवताम् ६ अनुरूपम् १ ॥ ८ ॥

योजना-अतिसुन्दरमोहनमधुरिपुरूपं श्रीजयदेवभणितम् इदम्-गीतं संप्रति हरिचरणस्मरणम् प्रति पुण्यवताम् अनुरूपम् भवतु ८

भाषार्थ-अत्यन्तसुन्दर और मोहन है श्रीकृष्णचंद्रजीके रूपका वर्णन जिसमें ऐसा श्रीजयदेवका कहा यह गीत इस कलिकालमें भक्तोंको हरिचरणोंके स्मरणके लिये योग्य हो अर्थात् पुण्यात्माओंको परमेश्वरके चरणारविंदके स्मरणको उत्पन्न करो ॥ ८ ॥

इति श्रीगीतगोविन्दभाषाविवृतौ पञ्चमः प्रबन्धः ॥ ५ ॥

गणयति गुणग्रामं भ्रामं भ्रमादपि नेहते वहति च परीतोषं दोषं विमुञ्चति दूरतः ॥ युवतिषु चलतृष्णे कृष्णे विहारिणि मां विना पुनरपि मनो वामं कामं करोति करोमि किम् ॥ १ ॥

पद-गणयति क्रि०गुणग्रामम् २ भ्रामम् २ भ्रमात् ५ अपिऽ नऽ ईहते क्रि०वहति क्रि०चऽ परीतोषम् २ विमुञ्चति क्रि० दूरतःऽ युव-

तिषु ७ चलतृष्णे ७ कृष्णे ७ विहारिणि७मां २ विनाऽ पुनःऽअपिऽ मनः १ वामम् १ कामम् २ करोति क्रि०करोमि क्रि०किम्ऽ॥१॥

योजना--हे सखि युवतिषु चलतृष्णे मां विना विहारिणि कृष्णे पुनः अपि वामं मम मनः कामं करोति कृष्णस्य गुणग्रामं गणयति भ्रमात् अपि भ्रामं न ईहते च पुनः परीतोषम् एति दोषं दूरतः विमुञ्चति--अतः किं करोमि ॥ १ ॥

भाषार्थ--हे सखि! मेरा अवश मन श्रीकृष्णचन्द्रजीके गुण समूहोंको गिनता हैं और भ्रमसे भी विस्मरणको वा क्रोधको नहीं चाहता और श्रीकृष्णके गुणोंको अत्यन्त सुनकर संतोषको प्राप्त होता है और मेरा जो तिरस्काररूपी दोष उसको छोडता है और व्रजकी अन्य युवतियोंमें लगी है तृष्णा जिनकी ओर मेरे विना विहार करते हुए श्रीकृष्णचन्द्रजीकी फिरभी मेरा मन इच्छा करता है मैं क्या करूं ॥ १ ॥

अथ षष्ठप्रबन्धो मालवरागेण एकतालीतालेगीयते ॥६॥

निभृतनिकुञ्जगृहं गतया निशि रहसि निलीय वसन्तम् ।
चकितविलोकितसकलदिशा रतिरभसभरेण हसन्तम् ॥ १ ॥ सखि हे केशिमथनमुदारम् ॥ ध्रु० ॥

पद--निभृतनिकुञ्जगृहम् २ गतया ३ निशि ७ रहसि ७ निलीयऽ वसन्तम् २ चकितविलोकितसकलदिशा ३ रतिरभसभरेण ३ हसन्तम् २ सखि १ हेऽकेशिमथनम् २ उदारम् २ रमय क्रि०मया ३ सहऽ मदनमनोरथभावितया सविकारम् २ ॥ १ ॥

योजना--हे सखि निभृतनिकुञ्जगृहं गतया चकितविलोकितसकलदिशा मदनमनोरथभावितया मया सह निशि रहसि निलीय

वसन्तं रतिरभसभरेण हसन्तम् उदारं सविकारम् केशिमथनं त्वं रमय ॥ १ ॥

भाषार्थ-हे सखि ! गुप्तकुञ्जोंके गृहमें प्राप्त हुई और चकित होकर देखी हैं सकल दिशा जिसने और कामदेवके मनोरथका है अभिप्राय जिसका ऐसी मेरे संग रात्रिको एकान्तमें छिपकर वसते और रतिके उत्साहकी आधिकतासे हँसते उदार और सविकार (प्रीतिसहित) केशिमथन(श्रीकृष्णजी) के संग मेरा रमण करादे ॥ १ ॥

प्रथमसमागमलज्जितया पटुचाटुशतैरनुकूलम् ॥ मृदुमधुरस्मितभाषितया शिथिलीकृतजघनदुकूलम्॥२॥

पद-प्रथमसमागमलज्जितया ३ पटुचाटुशतैः ३ अनुकूलम् २ मृदुमधुरस्मितभाषितया ३ शिथिलीकृतजघनदुकूलम् २ ॥ २ ॥

योजना-हे सखि पटुचाटुशतैः अनुकूलं शिथिलीकृतजघनदुकूलं केशिमथनं प्रथमसमागमलज्जितया मृदु मधुरस्मितभाषितया मया सह त्वं रमय इति पूर्वोक्तवत्पदेन अन्वयः ॥ २ ॥

भाषार्थ-हे सखि ! पहिले समागमसे लज्जासे युक्त और कोमल मधुर हंसी सहित है भाषण जिसका ऐसी मेरे संग कुशल जो सैंकडों स्तुतिके वचन उनसे अपने अनुकूल करनेहारे और शिथिल किया है जङ्घाओंका दुकूल (दुपट्टा) जिन्होंनें ऐसे श्रीकृष्णचन्द्रजीके संग मेरी क्रीडा करादें ॥ २ ॥

किसलयशयनानिवेशितया चिरमुरसि ममैव शयानम्॥ कृतपरिरम्भणचुम्बनया परिरभ्य कृताधरपानम् ॥ २॥

पद-किसलयशयननिवेशितया २ चिरम्ऽ उरसि ७ मम ६ एवऽ शयानम् २ कृतपरिरम्भणचुम्बनया २ परिरभ्यऽ कृताधरपानम् २ ॥ ३ ॥

योजना-हे सखिकिसलयशयननिवेशितया कृतपरिरम्भणचुम्बनया मया सह (मम एव) उरसि चिरं शयानं परिरभ्य कृताधरपानं केशिमथनं त्वं रमय ॥ ३ ॥

भाषार्थ-हे सखि ! कोमलपत्तोंकी शय्यापर सोई और किया है आलिङ्गन (स्पर्श) करके श्रीकृष्णचन्द्रजीके मुखका चुम्बन जिसने ऐसी मेरे संग मेरीही छातीपर चिरकालतक शयन करते हुए और मेरा आलिङ्गन करके किया हैं अधरका पान जिसने ऐसे श्रीकृष्णचन्द्रजीके संग मेरा रमण करा दे ॥ ३ ॥

अलसनिमीलितलोचनया पुलकावलिललितकपोलम् ।
श्रमजलसिक्तकलेवरया वरमदनमदादतिलोलम् ॥ ४ ॥

पद-अलसनिमीलितलोचनया ३ पुलकावलिललितकपोलम् २ श्रमजलसिक्तकलेवरया ३ वरमदनमदात् ५ अतिलोलम् २ ॥ ४ ॥

योजना-हे सखि अलसनिमीलितलोचनया श्रमजलसिक्तकलेवरया मया सह-पुलकावलिललितकपोलं वरमदनमदात् अतिलोलं केशिमथनं त्वं रमय ॥ ४ ॥

भाषार्थ-हे सखि ! रतिक्रीडाके सुखसे पैदा हुए आलस्य से नीचे हैं नेत्र जिसके और रतिके श्रमसे पैदा हुए जलसे सींचा है शरीर जिसका ऐसी मेरे संग रोमांच पंक्तिसे मनोहर है कपोल जिनके और जो कामदेवसे पैदा हुए अत्यन्त हर्षसे अतीव चंचल है ऐसे श्रीकृष्णचन्द्रजीकी क्रीडा करा दे ॥ ४ ॥

कोकिलकलरवकूजितया जितमनसिजतन्त्रविचारम् ॥
श्लथकुसुमाकुलकुन्तलया नखलिखितघनस्तनभारम् ५

पद-कोकिलकलरवकूजितया ३ जितमनसिजतन्त्रविचारम् २ श्लथकुसुमाकुलकुन्तलया ३ नखलिखितघनस्तनभारम् २ ॥ ५ ॥

योजना-हे सखि कोकिलकलरवकूजितया श्लथकुसुमाकुलकुन्तलया मया सह जितमनसिजतन्त्रविचारं नखलिखितघनस्तनभारं केशिमथनं त्वं रमय ॥ ५ ॥

भाषार्थ-हे सखि . कोकिलको ध्वनिके समान है शब्द जिसका और शिथिल (ढीले) और पुष्पोंसे व्याप्त (भरे) हैं केश जिसके ऐसी मेरे संग जीत लिया है कामदेवका शास्त्र विचार जिन्होंने और स्तनोंके समहपर किया है नखोंका चिन्ह जिन्होंने ऐसे श्रीकृष्ण चन्द्रजीको क्रीडा करा दे॥५ ॥

चरणरणितमणिनूपुरया परिपूरितसुरतवितानम् ॥
मुखरविशृङ्खलमेखलया सकचग्रहचुम्बनदानम् ॥६॥

पद-चरणरणितमणिनूपुरया ३ परिपूरितसुरतवितानम् ॥ मुखरविशृङ्खलमेखलया ३ सकचग्रहचुम्बनदानम् २ ॥ ६ ॥

योजना-हे सखि चरणरणितमणिनूपुरया मुखरविशृङ्खलमेखलया मया सह परिपूरितवितानं सकचग्रहचुम्बनदानं श्रीकृष्णं त्वं रमय ॥ ६ ॥

भाषार्थ-हे सखि चरणोंमें शब्द कररदे हैं मणिजटित नूपुर जिसके और शब्द कररहे हैं ढीलो मेखला (कोंदनी) जिसकी ऐसी मेरे संग पूर्ण किया है रतिक्रीडाका समुह

जिन्होंने और केशोंको पकडकर किया हैं सुखचुंबन जिन्होंने ऐसे श्रीकृष्णचंद्रजीकी क्रीडा करादे ॥ ६ ॥

रतिसुखसमयरसालया दरमुकुलितनयनसरोजम् ॥
निःसहनिपतिततनुलतया मधुसूदनमुदितमनोजम् ७

पद–रतिसुखसमयरसालया ३ दरमुकुलितनयनसरोजम् २ निःसहनिपतिततनुलतया ३ मधुसूदनम् २ उदितमनोजम् २ ॥ ७

योजना–हे सखि रतिसुखसमयरसालसया निस्सहनिपतिततनुलतया मया सह दरमुकुलितनयनसरोजं मधुसूदनम् श्रीकृष्णम् उदितमनोजम् त्वं रमय ॥ ७ ॥

भाषार्थ–हे सखि ! रतिके सुखकालमें आया है आलस्य जिसको और असामर्थ्यसे पतित होयगी है शरीरलता जिसकी ऐसी मेरे संग किंचित् मींचे हैं नेत्रकमल जिन्होंने और मधुदैत्यके जो नाशक हैं और उत्पन्न हुआ है कामदेव जिनको ऐसे श्रीकृष्णचन्द्रजीके संग मेरी क्रीडा करा दे ॥

श्रीजयदेवभणितमिदमतिशयमधुरिपुनिधुवनशीलम् ।
सुखमुत्कण्ठितराधिकयाकथितं वितनोतु सलीलम् ॥ ८ ॥

इति श्रीगीतगोविन्दे षष्ठः प्रबन्धः ॥ ६ ॥

पद–श्रीजयदेवभणितम् १ इदम् १ अतिशयमधुरिपुनिधुवनशीलम् १ सुखम् २ उत्कण्ठितराधिकया ३ कथितम् १ वितनोतु क्रि० सलीलम् २ ॥ ८ ॥

योजना–श्रीजयदेवभणितम् अतिशयमधुरिपुनिधुवनशीलम् उत्कण्ठितराधिकया कथितम् सलीलम् इदम् गीतम् भक्तानां सुखं वितनोतु ॥ ८ ॥

भाषार्थ--श्रीजयदेवकविने वर्णन किया और अत्यन्त है श्रीकृष्णचंद्रजीकी क्रीडाका चरित्र जिसमें--और उत्कंठा (प्रीति) से राधाजीने कहा हैं और जिसमें शृङ्गाररसकी लीला है ऐसा यह गीत पढने और सुननेवाले भक्त जनोंको इस लोक और परलोकके सुख दो ॥ ८ ॥

इति श्रीगीतगोविन्दभाषाविवृतौ षष्ठः प्रबन्धः ॥ ६ ॥

हस्तस्रस्तविलासवंशमनृजुभ्रूवल्लिमद्भल्लवीवृन्दोत्सारि-
दृगन्तवीक्षितमतिस्वेदार्द्रगण्डस्थलम् ॥ मामुद्वीक्ष्य
विलज्जितस्मितसुधामुग्धाननं कानने गोविन्दं व्रज-
सुन्दरीगणवृतं पश्यामि हृष्यामि च ॥ १ ॥

पद--हस्तस्रस्तविलासवंशम् २ अनृजुभ्रूवल्लिमद्भल्लवीवृन्दोत्सारि-दृगन्तवीक्षितम् २ अतिस्वेदार्द्रगण्डस्थलम् २ माम् उद्वीक्ष्य३ विल-ज्जितस्मितसुधामुग्धाननम् २ कानने ७ गोविन्दम् २ व्रजसुन्दरी-गणवृतम् २ पश्यामि क्रि०--हृष्यामि क्रि०च३ ॥ १ ॥

योजना--हे सखि हस्तविलासवंशम् अनृजुभ्रूवल्लिमद्भल्लवीवृन्दो-त्सारिदृगन्तवीक्षितम् अतिस्वेदार्द्रगण्डस्थलम् माम् उद्वीक्ष्य विलज्जित-स्मितसुधामुग्धाननम् कानने व्रजसुन्दरीगणवृतं गोविन्दम् अहं पश्यामि च पुनः हृष्यामि ॥ १ ॥

भाषार्थ--जब सखी अत्यंतप्रीतिसे श्रीकृष्णचंद्रजीके समीप लेजाने लगी तब गोपियोंका समूहसे युक्त श्रीकृष्णचन्द्रको देखकर लोटकर फिर सखीके प्रति बोली कि हे सखि हाथ-मेंसे गिरी हैं क्रीडाकी वंशी जिनके और कुटिल हैं भ्रुकुटी जिनकी ऐसी गोपियोंके समूहमें कटाक्षों, ऊपर, नीचे तिरछे

फेंककर जो देख रहे हैं और अत्यंत स्वेदसे आर्द्र (गीला) है गंडस्थल जिनका और मुझे देखकर अमृतरूप हंसीसे युक्त है मनोहर मुख जिनका और जो व्रजसुंदरियोंके समूहसे युक्त हैं ऐसे श्रीगोविंदको मैं देखती हूं और आनन्दित होती हूं अर्थात् देखूंगी और आनंदित हूंगी यहां वर्तमानकालका समीप जो भविष्यत्काल उसमें वर्तमानकालमें प्रत्यय है ॥ १ ॥

दुरालोकस्तोकस्तबकनवकाशोकलतिकाविकाशः कासारोपवनपवनोऽपि व्यथयति ॥ अपि भ्राम्यद्भृङ्गीरणितरमणीया न मुकुलप्रसूतिश्चूतानां सखि शिखरिणीयं सुखयति ॥ २ ॥

पद–दुरालोकस्तोकस्तबकनवकाशोकलतिकाविकाशः १ कासारोपवनपवनः १ अपिऽ व्यथयति क्रि० अपि भ्राम्यद्भृङ्गीरणितरमणीया १ नऽ मुकुलप्रसूतिः ९ चूतानाम् ६ सखि १ शिखरिणी १ इयम् १ सुखयति क्रि० ॥ २ ॥

योजना–हे सखि दुरालोकस्तबकनवकाशोकलतिकाविकाशः कासारोपवनपवनः। अपि माम् व्यथयति भ्राम्यद्भृङ्गीरणितरमणीया शिखरिणी इयम् चूतानां मुकुलप्रसूतिः अपि मां न सुखयति २

भाषार्थ–हे सखि ! दुःखसे देखने योग्य है अल्प गुच्छ जिसका ऐसी नवीन अशोककी लताका विकाश (खिलना) और सरोवरके निकटका पवन भी मुझे दुःख देता है और घूमती हुयी भ्रमरियोंके शब्दसे रमणीय (मनोहर) और मनोहर श्रेष्ठ है अग्रभाग जिसका ऐसे यह आम्रके वृक्षोंकी

मुकुलप्रसूति (भोर) भी मझे सुख नहीं देती अर्थात् दुःखित करती है ॥ २ ॥

साकूतस्मितमाकुलाकुलगलद्धम्मिल्लमुल्लासित-भ्रू-
वल्लीकमलीकदर्शितभुजाबालार्द्धहस्तस्तनम् ॥
गोपीनां निभृतं निरीक्ष्य ललितां कांचिच्चिरं चिन्तय-
न्नन्तर्मुग्धमनोहरो हरतु वः क्लेशं नवः केशवः ॥ ३॥
इति श्रीकविराजश्रीजयदेवकृते गीतगोविन्दे महा-
काव्ये अक्लेशकेशवो नाम द्वितीयः सर्गः ॥ २ ॥

पद-साकूतस्मितम् २ आकुलाकुलगलद्धम्मिल्लम् २ उल्लासितभ्रू-वल्लीकम् २ अलीकदर्शितभुजाबालार्द्धहस्तस्तनम् २ गोपीनाम् ६ निभृतम् २ निरीक्ष्यऽ ललिताम् २ कां २ चित्ऽचिरम्ऽ चिंतयन् १ अन्तःऽमुग्धमनोहरः १ हरतु क्रि०वः ६ क्लेशम् २ नवः १केशवः१।२

योजना-साकूतस्मितम् आकुलाकुलगलद्धम्मिल्लम् उल्लासितभ्रू-वल्लीकम् अलीकदर्शितभुजाबालार्द्धहस्तस्तनम् गोपीनां निभृतम् (भावम्) निरीक्ष्य कांचित् ललिताम् अन्तः चिरं चिन्तयन् मुग्ध-मनोहरः नवः केशवः वः (युष्माकं) क्लेशं हरतु ॥ ३ ॥

भाषार्थ--अभिप्रायसे युक्त है कुछ हंसी जिसमें, अत्यन्त अस्तव्यस्त गिरता है केशोंका जूडा जिसमें, ऊँची की है भ्रुकुटीरूप लता जिसमें; और जंभाई आदिके बहानेसे मिथ्याही दीखा है भुजा, बाल, आधा हाथ और स्तन, जिसमें ऐसे गोपियोंके अभिप्रायको जानकर किसी ललिता (मनोहर) गोपीका चिरकालतक मनमें ध्यान करते हुये मोहसे युक्त

सुंदर नवीन केशव भगवान् हे रसिकभक्तजनो ! आपके क्लेशको दूर करो ॥ ३ ॥

इति पं० मिहिरचन्द्रकृतगीतगोविन्दभाषाविवृतौ अक्लेश-केशवो नाम द्वितीयः सर्गः ॥ २ ॥

तृतीयः सर्गः ३.

कंसारिरपि संसारवासनाबन्धशृङ्खलाम्
राधामाधाय हृदये तत्याज व्रजसुन्दरीः ॥ १ ॥

पद–कंसारिः १ अपिऽ संसारवासनाबन्धशृङ्खलां राधाम् २ आधायऽ हृदये ७ तत्याज क्रि० व्रजसुन्दरीः ॥ २ ॥ १ ॥

योजना–कंसारिः अपि संसारवासनाबन्धशृङ्खलां राधां हृदये आधाय व्रजसुन्दरीः तत्याज ॥ १ ॥

भाषार्थ–श्रीकृष्णचन्द्रजीभी संसारकी वासनाको बान्धनेकी शृंखलारूप राधाजीको मनमें स्थापनकरके व्रजसुन्दरियोंका त्याग करते भये ॥ १ ॥

इतस्ततस्तामनुसृत्य राधिकामनङ्गबाणव्रणखिन्नमानसः ॥ कृतानुतापः स कलिन्दनंदिनीतटान्तकुञ्जे निषसाद माधवः ॥ २ ॥

पद–इतःततः ताम् २ अनुसृत्यऽ राधिकाम् २ अनङ्गबाणव्रणखिन्नमानसः १ कृतानुतापः १ सः १ कालिंदनंदिनीतटान्तकुञ्जे ७ निषसाद क्रि०माधवः १ ॥ २ ॥

योजना–इतः ततः तां राधिकाम् अनुसृत्य अनङ्गबाणव्रणखिन्नमानसः कृतानुतापः सः माधवः कालिन्दनन्दिनीतटान्तकुञ्जे निषसाद क्रि० ॥ २ ॥

भाषार्थ-कामदेवके बाणोंसे पैदाहुए व्रण (घाव) से खिन्न (दीन) है मन जिनका और किया है पश्चात्ताप जिन्होंने ऐसे वे माधवजी भी इधर उधर उस राधिकाको ढूँढकर यमुनातटके समीपकी कुंजमें स्थित होते भये ॥ २ ॥

अथ सप्तमः प्रबन्धः गुर्जरीरागेण प्रतिमण्ठताले गीयते

॥७॥ मामियं चलिता विलोक्य वृतं वधूनिचयेन ॥
सापराधतया मयाऽपि न वारिताऽतिभयेन ॥ १ ॥
हरिहरि हतादरतया गता सा कुपितेव ॥ ध्रु० ॥

पद-मामू २ इयमू १ चलिता १ विलोक्यऽ वृतम् २ वधूनिचयेन२ सापराधतया ३ मया ३ अपिऽ नऽ वारिता १ अतिभयेन ३ हरि-हरिऽ हतादरतया ३ गता १ सा १ कुपिता १ इवऽ ॥ १ ॥

योजना-वधूनिचयेन वृतं मां विलोक्य चलिता इयं (राधा) सापराधतया अतिभयेन मया अपि न वारिता हतादरतया कुपिता इव गता इति हरिहरि इति खेदानुकारि पदम् ॥ १ ॥

भाषार्थ-गोपियोंके समूहसे वृत (युक्त) मुझे देखकर यह राधाजी यहांसे चलीगयी और किया है अपराध जिसने ऐसे मैंने भी अत्यंत भयके मारे निवारण न की, अर्थात् जाती हुयी न रोकी; नष्ट है आदर जिसका ऐसी वह कोप करके चली गई हारेहारे (राम राम)

किं करिष्यति किं वदिष्यति सा चिरं विरहेण ॥
किं जनेन धनेन किं मम किं गृहेण सुखेन ॥२॥

पद-किम १ करिष्यति किं०किम् १ वदिष्यति किं०सा १ चिरंऽ

विरहेण ३ किम् १ जनेन ३ धनेन किम् १ मम ६ किम् १ गृहेण ३ सुखेन ३ ॥ २ ॥

योजना—सा राधा चिरं विरहेण किं करिष्यति किं वदिष्यति तां विना मम जनेन किं फलम् अस्ति धनेन गृहेण किं सुखेन किं न किमपि सर्वं निष्फलम् अस्तीति भावः ॥ २ ॥

भाषार्थ—वह राधा मेरे चिरकालके विरहमें विरहताप शांतिके लिये क्या उपाय करेगी और क्या कहेगी और उस राधाजीके विना मुझे अन्यगोपी आदिजनोंसे क्या प्रयोजन है क्यों कि उसके वियोगमें सबको त्याग दिया और धनसे क्या प्रयोजन है और घरसे क्या प्रयोजन है और सुखसे क्या प्रयोजन है अर्थात् राधाके वियोगमें पूर्वोक्त सब निष्फल (वृथा) हैं ॥ २ ॥

चिन्तयामि तदाननं कुटिलभ्रु रोषभरेण ॥ शोण-
पद्ममिवोपरि भ्रमताऽऽकुलं भ्रमरेण ॥ ३ ॥

पद—चिंतयामि क्रि० तदाननभ्रु २ कुटिलम् २ रोषभरेण ३ शोण पद्मम् २ इवऽ उपरि भ्रमता आकुलं २ भ्रमरेण ३ ॥ ३ ॥

योजना—उपरि भ्रमता भ्रमरेण आकुलं शोणपद्मम् इव रोषभरेण कुटिलभ्रु तदाननम् अहं चिंतयामि ॥ ३ ॥

भाषार्थ—क्रोधकी अधिकतासे कुटिल हैं भ्रुकुटी जिसकी और जो ऊपर भ्रमतेहुए भ्रमरोंसे व्याप्त हुए रक्त कमलके समान ऐसे उन राधाजीके मुखका मैं स्मरण करता हूं ॥ ३ ॥

तामहं हृदि संगतामनिशं भृशं रमयामि ॥ किं
वनेऽनुसरामि तामिह किं वृथा विलपामि ॥ ४ ॥

पद-ताम् २ अहम् १ हृदि ७ संगताम् २ अनिशम् २ भृशम्ऽ रमयामि क्रि० किम् १ वने ७ अनुसरामि क्रि० ताम् २ इहऽकिम्ऽ वृथाऽ विलपामि क्रि० ॥ ४ ॥

योजना-अहं हृदि संगतां तां राधाम् अनिशं भृशं रमयामि इह वने ताम् किम् (किमर्थम्) अनुसरामि वृथा किम् विलपामि क्रि० ४॥

भाषार्थ-यदि मैं हृदयमें संगत (स्थित) उस राधाजीके संग वारंवार अत्यंत रमण करता हूं तो इस वनमें क्यों राधाके पीछे २ फिरूं और क्यों वृथा विलाप करूं अर्थात् हृदयमें स्थित होनेसे विलाप आदि करना वृथा है ॥ ४ ॥

तन्वि खिन्नमसूयया हृदयं तवाकलयामि ॥ तन्न वेद्मि कुतो गताऽसि न तेन तेऽनुनयामि ॥ ५ ॥

पद-तन्वि १ खिन्नम् २ असूयया ३ हृदयम् २ तव ६ आकलयामि क्रि० तत् २ नऽ वेद्मि क्रि०कुतःऽ गता १ असि क्रि० नऽ तेन ३ ते ४ अनुनयामि क्रि० १ ॥

योजना-हे तन्वि अहं तव हृदयम् असूयया खिन्नम् आकलयामि त्वम् इतः ततः गता असि तत् अहं यतः न वेद्मि तेन ते (तुभ्यं) न अनुनयामि ॥ ५ ॥

भाषार्थ-हे तन्वि ! (कोमलांगि) मैं आपके हृदयको असूया (न सहना) से खिन्न (दुःखी जानता हूं और यह नहीं जानता कि तू यहांसे कहां गयी हो इसीसे तुझको प्रसन्न भी नहीं करसक्ता अर्थात् अज्ञातजनको कोई भी प्रसन्न नहीं करसकता ॥ ५ ॥

दृश्यसे पुरतो गतागतमेव मे विदधासि ॥ किं पुरेव ससम्भ्रमं परिरम्भणं न ददासि ॥ ६ ॥

पद–दृश्यसे क्रि०पुरतःऽ गतागतम् २ एवऽ मे ६ विदधासि क्रि० किम् १ पुरा इवऽ ससंभ्रमम् २ परिरम्भणम् २ नऽ ददासि क्रि०॥६॥

योजना–मे पुरतः एव त्वं गतागतं विदधासि इति मया त्वं दृश्यसे तर्हि पुरा इव ससम्भ्रमं परिरम्भणं किं न ददासि ॥ ६ ॥

भाषार्थ–हे राधे आप मेरे आगे ही आना जाना करती हुई मुझे दीखती हो तो पहिलेके समान वेगसे आलिंगन (स्पर्श) क्यों नहीं करती हो विरही मनुष्य चित्तके संबंधके सर्वत्र प्रियाको ही देखा करते हैं ॥ ६ ॥

क्षम्यतामपरं कदाऽपि तवेदृशं न करोमि ॥ देहि सुन्दरी दर्शनं मम मन्मथेन दुनोमि ॥ ७ ॥

पद–क्षम्यताम् क्रि० अपरम् २ इदम् १ कदाऽ अपिऽ तव ६ ईदृशम् २ नऽ करोमि क्रि०देहि क्रि०सुन्दरि १ दर्शनम् २ मम ६ मन्मथेन ३ दुनोमि क्रि० ॥ ७ ॥

योजना–हे सुन्दरि (पूर्वं कृतम् आगः) क्षम्यताम् तव अपरम् ईदृशम् अपराधं कदापि न करोमि अतः मम दर्शनं देहि अहं मन्मथेन दुनोमि ॥ ७ ॥

भाषार्थ–हे सुंदरि ! पिछले अपराध क्षमा करो अन्य ऐसा आपका अपराध कदाचित् भी न करूंगा इससे दर्शन देवो मैं कामदेवसे पीडित हूं ॥ ७ ॥

वर्णितं जयदेवकेन हरेरिदं प्रणतेन ॥ किन्दुबिल्वसमुद्रसम्भवरोहिणीरमणेन ॥ ८ ॥

इति श्रीगीतगोविन्दे सप्तमः प्रबंधः ॥ ७ ॥

पद–वर्णितम् १ जयदेवकेन ३ हरेः ६ इदम् १ प्रणतेन ३ किन्दुबिल्वसमुद्रसम्भवरोहिणीरमणेन ३॥ ८ ॥

योजना--हरेः प्रणतेन किन्दुबिल्वसमुद्रसम्भवरोहिणीरमणेन जयदेवकेन इदम् गीतम् वर्णितम् ॥ ८ ॥

भाषार्थ--हरि (श्रीकृष्णजी) के आराधनमें तत्पर और समुद्ररूप किन्दुबिल्वकुलमें उत्पन्न चंद्रमारूप जयदेवकविने यह गीत वर्णन किया है ॥ ८ ॥

इति श्रीगीतगोविन्दे सप्तमः प्रबन्धः ॥ ७ ॥

हृदि बिसलताहारो नायं भुजङ्गमनायकः कुव-
लयदलश्रेणी कण्ठे न सा गरलद्युतिः॥ मलयज-
रसो नेदं भस्म प्रियारहिते मयि प्रहर न हर-
भ्रान्त्याऽनङ्ग क्रुधा किमु धावसि ॥ १ ॥

पद--हृदि ७ बिसलताहारः १ नऽ अयम् १ भुजङ्गमनायकः १ कुवलदयलश्रेणी १ कण्ठे ७ नऽ सा १ गरलद्युतिः १ मलयजरजः १ नऽइदम् १ भस्म १ प्रियारहिते ७ मयि ७ प्रहर क्रि०नऽ हरभ्रान्त्या ३ अनङ्ग १ क्रुधा ३ किम्ऽ उऽ धावसि क्रि० ॥ १ ॥

योजना--हे अनङ्ग क्रधा किम् उ धावसि प्रियारहिते मयि हरभ्रान्त्या त्वं न प्रहर अयं मे हृदि बिसलताहारः अस्ति भुजङ्गमनायकः न कण्ठे कुवलदयलश्रेणी अस्ति सा गरलद्युतिः न इदं मलयजरजः अस्ति भस्म न अस्तीति ॥ १ ॥

भाषार्थ--हे कामदेव क्रोधसे मेरी तरफ क्यों दौडता है राधाजीसे रहित मेरे उपर महादेवके भ्रमसे क्रोध मत कर मेरे हृदयमें तो यह कमलकी बिसलताका हार है, शेष नहीं है और कंठमें नील कमलकी पंक्ति है नाकि यह विषकी कांति

और शरीरपर यह चंदनकी रज है, भस्म नहीं है इससे महादेव समझ व्यर्थ निरपराधी मेरे ऊपर क्यों प्रहार करता है ॥ १॥

पाणौ मा कुरु चूतसायकममुं मा चापमारोपय क्रीडानिर्जितविश्व मूर्च्छितजनाघातेन किं पौरुषम् ॥
तस्या एव मृगीदृशो मनसिज प्रेङ्खत्कटाक्षानलज्वालाजर्जरितं मनागपि मनो नाद्यापि सन्धुक्षते ॥२॥

पद०-पाणौ ७ मा कुरु क्रि०-चूतसायकम् २ अमुम् २ मा० चापम् २ आरोपय क्रि० क्रीडानिर्जितविश्व १ मूर्च्छितजनाघातेन ३ किम्-पौरुषम् १ तस्याः ६ एव० मृगीदृशः ६ मनसिज १ प्रेङ्खत्कटाक्षानलज्वालाजर्जरितम् २ मनाक् अपि० मनः १ न० अद्य० अपि० सन्धुक्षते क्रि० २ ॥

योजना-हे क्रीडानिर्जितविश्व कामदेव अमुं चूतसायकं पाणौ मा कुरु चापं मा आरोपय मूर्च्छितजनाघातेन किम् पौरुषम्, भविष्यति हे मनसिज तस्या एव मृगीदृशःप्रेङ्खत्कटाक्षानलज्वालाजर्जरितं मनः मनाक् अपि न सन्धुक्षत ॥ २ ॥

भाषार्थ-हे लीलासे विश्वको जीतनेवाले कामदेव ! इस आम्रके पुष्परूपी बाणको हाथमें मत ले, और न धनुषपर चढाय, हे मनसिज अर्थात् मनसे उत्पन्न कामदेव ! मूर्च्छाको प्राप्तहुए मेरे सदृश जनकी पीडासे तेरा क्या पुरुषार्थ होगा अर्थात् कुछ न होगा; क्योंकि उसी मृगनयनी राधाजीके चलते हुए कटाक्षरूप अग्निकी ज्वालासे खण्ड खण्ड हुआ मेरा मन कुछ भी अबतक जीवनको नहीं धारता अर्थात् स्वस्थ नहा ह और अस्वस्थपर प्रहार करना धर्मके विरुद्ध है ॥ २॥

भ्रूपल्लवो धनुरपाङ्गतरङ्गितानि बाणा गुणः श्रवण-
पालिरिति स्मरेण॥ तस्यामनङ्गजयजङ्गमदेवता-
यामस्त्राणि निर्जितजगन्ति किमर्पितानि ॥ ३ ॥

पद-भ्रूपल्लवः १ धनुः १ अपाङ्गतरङ्गितानि १ बाणाः १ गुणः श्रवणपाली १ इतिऽ स्मरेण ३ तस्याम् ७ अनङ्गजयजङ्गमदेवतायाम् ७ अस्त्राणि १ निर्जितजगन्ति १ किम् १ अर्पितानि १ ॥ ३ ॥

योजना-भ्रूपल्लवः धनुः अस्ति अपाङ्गतरङ्गितानि बाणाः सन्ति श्रवणपाली गुणः अस्ति इति (इत्थंप्रकारेण) किम् अनङ्गजयजङ्गमदेवतायां तस्यां स्मरेण अस्त्राणि अर्पितानि ॥ ३ ॥

भाषार्थ-भ्रुकुटी लता धनुष और कटाक्षोंकी तरंगवाले देखना बाण और कर्णप्रदेश गुण (प्रत्यंचा) इस प्रकारसे कामदेवने कामदेवको जीतनेहारी जंगम देवतारूप उस राधाजीके शरीरमें क्या जगत्को जीतनेहारे अस्त्र अर्पितकरदिये हैं अर्थात् तर्कनासे प्रतीत होता है कि अवश्य करदिये हैं क्योंकि उनसे जगत्को जीतकर एक स्थानमें स्थापित करनाही कामदेवने उचित समझा होगा ॥ ३ ॥

भ्रूचापे निहितः कटाक्षविशिखो निर्मातु मर्मव्यथां
श्यामात्मा कुटिलः करोतु कबरीभारोऽपि मारोद्यमम्॥
मोहं तावदयं च तन्वि तनुतां बिम्बाधरो रागवान्
सद्वृत्तः स्तनमण्डलस्तव कथं प्राणैर्मम क्रीडति ॥ ४ ॥

पद-भ्रूचापे ७ निहितः १कटाक्षविशिखः १निर्मातु क्रि०मर्मव्यथाम् २ श्यामात्मा १ कुटिलः १ करोतु क्रि०कबरीभारः १ अपिऽ

मारोद्यमम् २ मोहम् २ तावत्ऽअयम् १ च ऽ तन्वि १ तनुतां क्रि० बिम्बाधरः १ रागवान् १ सद्वृत्तः १ स्तनमण्डलः १ तव ६ कथम्ऽ प्राणैः ३ मम ६ क्रीडति क्रि० ॥ ४ ॥

योजना—हे तन्वि (कृशाङ्गि) भ्रूचापे निहितः कटाक्षविशिखः मर्मण्यथां निर्मातु श्यामात्मा कुटिलः कबरीभारः अपि मारोद्यमं करोतु च पुनः अयं रागवान् बिंबाधरः तावत् मोहं तनुतां तव सद्वृत्तः स्तनमण्डलः मम प्राणैः समं कथं क्रीडति ॥ ४ ॥

भाषार्थ—अब अपने मनमें स्थित राधाजीके प्रति अपने दुःखका वर्णन करते हैं भ्रुकुटीरूप धनुषपर लगा हुआ कटाक्ष-रूपी बाण मेरे मर्मोंको पीडित करे तो करो और श्याम और कुटिलकेशोंका समूह भी कामदेवको बढावै तो बढावो, क्योंकि जो भीतर मलीन और कुटिल होता है वह अन्यके मारनेमें यत्न करता ही है। और यह रागवाला अर्थात् रक्तवर्ण बिम्बाधर (अधरोष्ठ) मेरे मोहको विस्तृत करे तो करो, क्योंकि राग (द्वेष) वाला मोहको पैदा कर सक्ता है, परन्तु यह सद्वृत्त (साधु-वा गोल) तेरे स्तनोंका मण्डल मेरे प्राणोंके संग कैसे क्रीडा करता है, क्योंकि जो सदाचारी होते हैं वे पराये प्राणोंके घातक नहीं होते ॥ ४ ॥

तानि स्पर्शसुखानि ते च तरलाः स्निग्धा दृशोर्विभ्रमा-
स्तद्वक्त्राम्बुजसौरभं स च सुधास्यन्दी गिरां वक्रिमा ॥
सा बिम्बाधरमाधुरीति विषयासङ्गेऽपि मन्मानसं
तस्यां लग्नसमाधि हन्त विरहव्याधिः कथं वर्तते ॥ ५ ॥

पद-तानि १ स्पर्शसुखानि १ ते १ चऽ तरलाः १ स्निग्धाः १ दृशोः ६ विभ्रमाः १ तत् १ वक्राम्बुजसौरभम् १ सः १ चऽ सुधास्यन्दी १ गिराम् ६ वक्रिमा १ सा १ बिम्बाधरमाधुरी १ इतिऽ विषयासङ्गे ७ अपिऽ मन्मानसम् १ तस्याम् ७ लग्नसमाधि १ हन्त विरहव्याधिः १ कथंऽ वर्तते क्रि० ॥ ५ ॥

योजना-स्पर्शसुखानि तानि सन्ति च पुनः तरलाः स्निग्धा दृशोः विभ्रमाः ते सन्ति वक्राम्बुजसौरभं तत् अस्ति च पुनः सुधास्यन्दी गिरां वक्रिमा सः अस्ति बिम्बाधरमाधुरी सा अस्ति इति विषयासङ्गे सति यत् मन्मानसं तस्यां लग्नसमाधि चेत् तर्हि हन्त (इति खेदे) विरहव्याधिः कथं वर्तते ॥ ५ ॥

भाषार्थ-नायिकाके संगमें जो होते हैं वे ही स्पर्श (संगम) के सुख मुझे हैं और वेही चंचल प्रेमसंयुक्त नेत्रोंके विलास हैं और वही मुखारविंदकी सुगंध है और वही अमृतकी भरी टेढी वाणी है और वही बिंबाधर (रक्तओष्ठ) की मधुरता है इस प्रकार रूपरसआदिविषयमें आसक्ति होनेपर भी जो मेरे मनकी उस राधिकाजीमें समाधि है अर्थात् लगा हुआ है तो हंत (बडा खेद है) विरहकी व्याधि कैसे विद्यमान है क्योंकि ध्यानसे युक्त योगीकी तो व्याधिका नाश हो जाता है ॥ ५ ॥

तिर्यक्कण्ठविलोलमौलितरलोत्तंसस्य वंशोच्चरद्गीत-
स्थानकृतावधानललनालक्षैर्न संलक्षिताः ॥ संमुग्धं
मधुसूदनस्य मधुरे राधामुखेन्दौ मृदुस्पन्दं कन्दलि-
ताश्चिरं ददतु वः क्षेमं कटाक्षोर्मयः ॥ ६ ॥

इति श्रीकविराजश्रीजयदेवकृते गीतगोविन्दे महा-
काव्ये मुग्धमधुसूदनो नाम तृतीयः सर्गः ॥ ३ ॥

पद–तिर्यक्कंठविलोलमौलितरलोत्तंसस्य ६ वंशोच्चरद्गीतस्थानकृतावधानललनालक्षैः ३ नऽ संलक्षिताः १ संमुग्धम् २ मधुसूदनस्य६ मधुरे ७ राधामुखेन्दौ ७ मृदुस्पन्दम् २ कन्दलिताः १ चिरंऽ ददतु क्रि० वः ६ क्षेमम् २ कटाक्षोर्मयः १ ॥ ६ ॥

योजना--वंशोच्चरद्गीतस्थानकृतावधानललनालक्षैः न संलक्षिताः मधुरे राधामुखेन्दौ संमुग्धं मृदुस्पंन्दं यथा स्यात्तथा कन्दलिताः तिर्यक्कण्ठविलोलमौलितरलोत्तंसस्य मधुसूदनस्य कटाक्षोर्मयः वः (युष्माकं) चिरं क्षेमं ददतु ॥ ६ ॥

भाषार्थ–सुंदर राधाजीके मुखरूप चंद्रमामें अप्रकट और किंचित् चलकर पल्लवित (बढी हुई) और वंशीसे निकसे (गाये) गीतके स्थानमें लगा है मन जिनका ऐसे लक्षों अंगना (गोपी) ओंने नहीं देखी तिरछा है कंठ जिसका चंचल है मस्तक जिसका और चंचल हैं भूषण जिसके ऐसे मधुसूदनके कटाक्षरूप तरंग तुम (भक्तों) का चिरकालतक कल्याण दो ॥ ६ ॥

इति श्रीपं० मिहिरचंद्रकृतश्रीगीतगोविंदभाषाविवृतौ
मुग्धमधुसूदनो नाम तृतीयः सर्गः ॥ ३ ॥

चतुर्थः सर्गः ४.

यमुनातीरवानीरनिकुञ्जे मन्दमास्थितम् ॥
प्राह प्रेमभरोभ्रान्तं माधवं राधिकासखी ॥ १ ॥

पद–यमुनातीरवानीरनिकुञ्जे ७ मन्दम् २ आस्थितम् २ प्राह क्रियेमभरोद्भ्रान्तम् २ माधवम् २ राधिकासखी १ ॥

योजना-राधिकासखी यमुनातीरवानीरनिकुंजे मन्दं यथा स्यात्तथा आस्थितं प्रेमभरोद्भ्रान्तं माधवं प्रति प्राह ॥ १ ॥

भाषार्थ-यमुनाके तीरपर वेतोंकी कुंजमें तूष्णीम् (चुपचाप बैठे हुये और प्रेमकी अधिकतासे उद्विग्न मन माधव (श्रीकृष्णचंद्रजी) के प्रति राधिकाकी सखी यह वचन बोली ॥ १ ॥

अथाष्टमःप्रबन्धःकर्णाटकरागेण एकतालीताले गीयते ८ निन्दति चन्दनमिन्दुकिरणमनुविन्दति खेदमधीरम् ॥ व्यालनिलयमिलनेन गरलमिव कलयति मलयसमीरम् ॥ १ ॥ सा विरहे तव दीना ॥ माधव मनसिजविशिखभयादिव भावनया त्वयि लीना॥ध्रु०॥

पद-निन्दति क्रि०चन्दनम् २ इंदुकिरणम् २ अनुविंदति क्रि०खेदम् २ अधीरम् २ व्यालनिलयमिलनेन ३ गरलम् २ इवऽ कलयति क्रि०मलयसमीरम् २ सा १ विरहे ७ तव ६ दीना १ माधव १ मनसिजविशिखभयात् ५ इवऽ भावनया ३ त्वयि ७ लीना १ ॥ १॥

योजना-हे माधव तव विरहे दीना मनसिजविशिखभयात् भावनया त्वयि लीना इव सा (राधा) चन्दनं निन्दति इन्दुकिरणम् अनु (दृष्ट्वा) अधीरं खेदं विन्दति मलयसमीरं व्यालनिलयमिलनेन गरलम् इव कलयति (मन्यते) क्रि० ॥ १ ॥

भाषार्थ-हे माधव ! आपके विरहमें दीन (दुःखित) और कामदेवके बाणोंके भयसे मनोभावना (चिंतन) से तेरेमें लीन (प्रविष्ट) अर्थात् श्रीकृष्णचंद्रजीके हृदयमें प्रवेश हुई मुझे कामदेव पीडा न देगा इस बुद्धिसे तेरेमें लीन वह राधाजी चंद-

नकी भी निंदा करती है और चंद्रमाकी किरणोंको देखकर भी अत्यंत खेदको प्राप्त होती है सर्पोंका स्थान होनेसे मलयगिरिके पवनको भी विषके समान मानती है अर्थात् इन सबसे भी राधाजीको सुख नहीं होता इससे प्रतीत होता है कि राधाजीको आपका वियोगही दुःखदायी है ॥ १ ॥

अविरलनिपतितमदनशरादिव भवदवनाय विशालम् ॥ स्वहृदयमर्मणि वर्म करोति सजलनलिनीदलजालम् ॥ २ ॥

पद–अविरलनिपतितमदनशरात् ५ इव ऽ भवदवनाय ४ विशालम् २ स्वहृदयमर्मणि ७ वर्म २ करोति क्रि० सजलनलिनीदलजालम् २ ॥ २ ॥

योजना–सा पूर्वोक्ता राधा अविरलनिपतितमदनशरात् भवदवनाय इव स्वहृदयमर्मणि सजलनलिनीदलजालम् विशालं वर्म करोति२

भाषार्थ–हे श्रीकृष्णचंद्रजी ! वह राधाजी निरंतर पडते हुये कामदेवके बाणोंसे अपने (राधाके) हृदयमें स्थित आपकी रक्षाके लिये अपने हृदयरूप मर्मपर जलसहित कमलके पत्तोंके समूहरूप सुंदर वर्म (संजोआ) को करती हैं अर्थात् आप राधाजीके हृदयमें सर्वदा विद्यमान हो ॥ २ ॥

कुसुमविशिखशरतल्पमनल्पविलासकलाकमनीयम् ॥ व्रतमिव तव परिरम्भसुखाय करोति कुसुमशयनीयम् ॥ ३ ॥

पद–कुसुमविशिखशरतल्पम् २ अनल्पविलासकलाकमनीयम् २

व्रतम् २ इव ऽ तव ६ परिरम्भसुखाय ४ करोति क्रि० कुसुमशयनीयम् २ ॥ ३ ॥

योजना-हे कृष्ण सा तव परिरंभसुखाय अनल्पविलासकलाकमनीयम् कुसुमविशेषशरतल्पम् व्रतम् इव कुसुमशयनीयम् करोति ॥३॥

भाषार्थ-हे श्रीकृष्णचंद्र ! वह राधाजी आपके आलिंगन सुखकी प्राप्तिके लिये कामदेवके बाणोंकी शरशय्या है जिसमें ऐसे व्रतके समान और अनेक क्रीडाओंके लिये सुंदर पुष्पशय्याको करती हैं अर्थात् आपकी प्राप्तिके लिये शरशय्यारूप दारुण व्रत कर रही हैं ॥ ३ ॥

वहति च चलितविलोचनजलधरमाननकमलमुदारम् ६ विधुमिव विकटविधुंतुददन्तदलनगलितामृतधारम् ॥ ४ ॥

पद-वहति क्रि०चऽचलितविलोचनजलधारम् २ आननकमलम् २ उदारम् २ विधुम् २ इव ऽ विकटां विधुन्तुददन्तदलनगलितामृतधारम् ॥ २ ॥ ४ ॥

योजना-किन्च सा राधा विकटविधुंतुददंतलनगलितामृतधारम् विधुम् इव चलितविलोचनजलधारम् उदारम् आननकमलम् वहति४॥

भाषार्थ-हे श्रीकृष्णचंद्र ! वह राधाजी दारुणराहुके दांतोंके दलनेसे निकसी है अमृतकी धारा जिससे ऐसे चंद्रमाके समान चली है जलधारा जिसमें ऐसे नेत्रवाले और मनोहर मुखारविंदको धारण करती है अर्थात् आपके वियोगसे रोती है४॥

विलिखति रहसि कुरङ्गमदेन भवन्तमसमशरभूतम् ॥ प्रणमति मकरमधो विनिधाय करे च शरं नवचूतम् ॥ ५ ॥

पद-विलिखति क्रि०रहसि ७ कुरङ्गमदेन ६ भवन्तम् २ असमशर-भूतम् २ प्रणमति क्रि० मकरम् २ अधः ऽ विनिधायऽ करे ७ चऽ शरम् २ नवचूतम् २ ॥ ५ ॥

योजना-सा राधा कुरङ्गमदेन असमशरभूतम् भवंतम् रहसि विलिखति तव अधः मकरम् च पुनः 'तव करे नवचूतम् शरं विनिधाय प्रणमति ॥ ५ ॥

भाषार्थ-हे श्रीकृष्णचंद्र ! वह राधा कामदेवरूप आपको एकांतमें लिखती है और आपकी मर्तिके नीचे मकर (मकररूप वाहन) को और आपके हाथमें नवीन आम्ररूप (कामदेवके) बाणको लिखकर प्रणाम करती है ॥ ५ ॥

प्रतिपदमिदमपि निगदति माधव तव चरणे पतिताऽहम् ॥ त्वयि विमुखे मयि सपदि सुधानिधिरपि तनुते तनुदाहम् ॥ ६ ॥

पद-प्रतिपदम् २ इदम् २ अपिऽ निगदति क्रि०माधव १ तव ६ चरणे ७ पतिता १ अहं त्वयि ७ विमुखे ७ मयि ७ सपदिऽ सुधानिधिः १ अपिऽ तनुते क्रि०तनुदाहम् २ ॥ ६ ॥

योजना-हे श्रीकृष्ण सा राधा यतः त्वयि विमुखे सति मयि सुधानिधिः अपि तनुदाहं तनुते अतः हे माधव अहं तव चरणे पतिता इदम् अपि प्रतिपदं निगदति ॥ ६ ॥

भाषार्थ-हे श्रीकृष्ण ! वह राधा क्षणक्षणमें यह भी कहती है कि हे माधव मैं आपके चरणोंमें इससे पडी हूं कि आपके विमुख होनेपर चंद्रमा भी मेरे शरीरको दग्ध करता है ॥ ६ ॥

ध्यानलयेन पुरः परिकल्प्य भवतमतीव दुरापम् ॥ विलपति हसति विषीदति रोदिति चंचति मुंचति तापम् ७ ॥

पद-ध्यानलयेन ३ पुरः ऽ परिकल्प्य ऽ भवन्तम् २ अतीव ऽ दुरापम् २ विलपति क्रि०हसति क्रि०विषीदति। क्रि०रोदिति क्रि०चंचति क्रि०मुंचति क्रि०तापम् २ ॥ ७ ॥

योजना-हे श्रीकृष्ण ! सा राधा अतीव दुरापं भवन्तं ध्यानलयेन पुरः परिकल्प्य विलपति हसति विषीदति रोदिति चंचति तापं मुंचति ॥ ७ ॥

भाषार्थ-हे श्रीकृष्णचन्द्रजी ! वह राधा ध्यानमें चित्तकी एकाग्रतासे दूतियोंके द्वारा भी दुराप (दुर्लभ) आपको अपने आगे कल्पना करके मेरे संग अब भी स्नेह नहीं करते ऐसे विलाप करती है हसती है दुःखी होती है रोती है अन्य स्थानमें आपके संगके लिये चली जाती है और इसीसे अंतःकरणके दुःखसे कभी कभी मनके दुःखको भी त्यागती है ॥ ७ ॥

श्रीजयदेवभणितमिदमधिकं यदि मनसा नटनीयम् ॥
हरिविरहाकुलबल्लवयुवतिसखीवचनं पठनीयम् ॥ ८॥

इति श्रीगीतगोविन्दे अष्टमः प्रबंधः ॥ ८ ॥

पद-श्रीजयदेवभणितम् १ इदम् १ अधिकम् १ यदिऽ मनसा ३ नटनीयम् १ हरिविरहाकुलबल्लवयुवतिसखीवचनम् १ पठनीयम्॥ १८॥

योजना-यदि जयदेवभणितम् इदम् मनसा अधिकं नटनीयम् तर्हि हरिविरहाकुलबल्लवयुवतिसखीवचनम् पठनीयम् ॥ ८ ॥

भाषार्थ-हे भक्तजनों ! जो श्रीजयदेवके कहे इस गीतका मनसे अधिकतासे नृत्य किया चाहो अर्थात् नृत्यके समय इसका वर्णन चाहो तो श्रीकृष्णचंद्रजीके वियोगसे व्याकुल राधाजीकी सखीके वचनको पढो ॥ ७ ॥

इति श्रीगीतगोविंदभाषाविवृतौ अष्टमः प्रबंधः ॥ ८ ॥

आवासो विपिनायते प्रियसखीमालाऽपि जालायते
तापोऽपि श्वसितेन दावदहनज्वालाकलापायते॥सा-
पि त्वद्विरहेण हन्त हरिणीरूपायते हा कथं कन्दर्पो
ऽपि यमायते विरचयञ्छार्दूलविक्रीडितम् ॥ १ ॥

पद–आवासः १ विपिनायते क्रि०प्रियसखीमाला १ अपिऽ जाला-
यते क्रि०तापः १ अपिऽ श्वसितेन ३ दावदहनज्वालाकलापायते
क्रि० सा १ अपिऽ त्वद्विरहेण ३ हन्तऽ हरिणीरूपायते क्रि०हाऽ कथंऽ
कन्दर्पः १ अपिऽ यमायते क्रि०विरचयन् १ शार्दूलविक्रीडितम्२॥१॥

योजना–तस्याः राधायाः आवासः विपिनायते , प्रियसखीमाला
अपि जालायते तापः अपि श्वसितेन दावदहनज्वालाकलापायते
त्वद्विरहेण सा अपि हन्त (इति खेदे) हरिणीरूपायते हा (कष्टम्)
कन्दर्पः अपि शार्दूलविक्रीडितं रचयन् यमायते ॥ १ ॥

भाषार्थ–अब गीतमें कहे अर्थका श्लोकमें वर्णन करते हैं–हे श्रीकृष्णचंद्रजी ! उस राधाजीको घर भी वनके समान प्रतीत होता है और प्यारी सखियोंकी पंक्ति भी जालकी समान प्रतीत होती है और देहका दाह भी ऊर्ध्वश्वाससे दावाग्निकी ज्वालाके समूहतुल्य प्रतीत होता है और खेदकी बात है कि वह राधा भी आपके वियोगसे हरिणीके समान प्रतीत होती है और कष्टकी बात है कि शार्दूलकी चेष्टा करता हूआ कामदेव भी क्यों यमराजके समान आचरण करता है अर्थात् हरिणीरूप राधाजीको शार्दूलरूपी यमराज आपके वियोगसे मारा चाहता है ॥ १ ॥

अथ नवमःप्रबन्धो देशाख्यरागेण एकतालीताले गीयते९

स्तनविनिहितमपि हारमुदारम् ॥ सा मनुते कृशतनुरिव भारम् ॥ १ ॥ राधिका विरहे तव केशव ॥ ध्रु० ॥

पद-स्तनविनिहितम् २ अपिऽ हारम् २ उदारम् २ सा १ मनुते क्रि०कृशतनुः १ इवऽभारम् २ राधिका १ विरहे ७ तव ६ केशव १॥१॥

योजना-हे केशव तव विरहे सति सा राधिका कृशतनुः सती स्तननिहितम् उदारम् अपि हारं भारम् इव मनुते ॥ १ ॥

भाषार्थ-हे श्रीकृष्णचंद्रजी ! आपका विरह होनेपर वह राधिकाजी शरीरके कृश होनेसे स्तनोंपर रक्खे हुए भी उत्तम हारको भारके समान मानती है ॥ १ ॥

सरसमसृणमपि मलयजपङ्कम् ॥ पश्यति विषमिव वपुषि सशङ्कम् ॥ २ ॥

पद-सरसमसृणम् २ अपिऽ मलयजपङ्कम् २ पश्यति क्रि० विषम् २ इवऽ वपुषि ७ सशङ्कम् ॥ २ ॥

योजना-हे केशव सा राधा सरसमसृणम् अपि मलयजपङ्कं वपुषि सशङ्कम् विषम् इव पश्यति ॥ २ ॥

भाषार्थ-हे श्रीकृष्णचंद्रजी ! वह राधाजी गीले और चिकने मलयगिरिचंदनके लेपको भी आपके विरहमें शंकासे विषके समान देखती है ॥ २ ॥

श्वसितपवनमनुपमपरिणाहम् ॥ मदनदहनमिव वहति सदाहम् ॥ ३ ॥

पद-श्वसितपवनम् २ अनुपमपरिणाहम् २ मदनदहनम् २ इवऽ वहति क्रि० सदाहम् २ ॥ ३ ॥

योजना-अनुपमपरिणाहं सदाहं श्वसितपवनं मदनदहनम् इव वहति ॥ ३ ॥

भाषार्थ–हे श्रीकृष्णचंद्रजी ! वह राधाजी अत्यंत लम्बे २ श्वासोंकी दाह करनेवाली पवनको कामदेवकी अग्निके समान धारती है अर्थात् श्वासकी पवन भी उन्हें दग्ध करती है॥ ३॥

दिशिदिशि किरति सजलकणजालम् ॥ नयननलिनमिव विगलितनालम् ॥ ४ ॥

पद–दिशि ७ दिशि ७ किरति क्रि० सजलकणजालम् २ नयननलिनम् २ इवऽ विगलितनालम् २ ॥ ४ ॥

योजना–सा राधा सजलकणजालं विगलितनालम् इव नयननलिनं दिशिदिशि किरति ॥ ४ ॥

भाषार्थ–वह राधाजी अश्रुओंकी बूंदोंका है समूह जिसमें और नष्ट हुआ है नाल जिसका ऐसे नेत्रकमलको चारों दिशाओंमें फैंकती है अर्थात् आपके दर्शनकी इच्छासे देखती है॥ ४॥

नयनविषयमपि किसलयतल्पम् ॥ कलयति विहितहुताशविकल्पम् ॥ ५ ॥

पद–नयनविषयम् २ अपिऽ किसलयतल्पम् २ कलपति क्रि० विहितहुताशविकल्पम् २ ॥ ५ ॥

योजना–सा राधा नयनविषयम् अपि किसलयतल्पं विहितहुताशविकल्पं कलयति ॥ ५ ॥

भाषार्थ–हे श्रीकृष्णचंद्रजी ! वह राधाजी आपके वियोगमें नेत्रोंसे दीखती हुई भी कमलोंकी शय्याको संदेहसे अग्निके समान मानती है ॥ ५ ॥

त्यजति न पाणितलेन कपोलम् ॥ बालशशिनमिव सायमलोलम् ॥ ६ ॥

पद-त्यजति क्रि-नऽ पाणितलेन ३ कपोलम् २ बालशशिनम् २ इवऽ सायम् ऽ अलोलम् २ ॥ ६ ॥

योजना-सा सायम् अलोलं बालशशिनम् इव कपोलं पाणितलेन न त्यजति ॥ ६ ॥

भाषार्थ-हे श्रीकृष्णचंद्रजी ! वह राधाजी सायंकालके निश्चल बालचंद्रके समान कपोलको पाणि (हाथ) के तलसे नहीं त्यागती अर्थात् शोकसे हाथके तलपर कपोलको रखकर बैठी है ॥ ६ ॥

हरिरितिहरिरिति जपति सकामा ॥ विरहविहितमरणेव निकामम् ॥ ७ ॥

पद-हरिः १ इतिऽ हरिः १ इतिऽ जपति क्रि०सकामम् २ विरहविहितमरणा १ इवऽ निकामम् १ ॥ ७ ॥

योजना-सा राधा विरहविहितमरणा इव निकामं हरिः इति हरिः इति सकामं जपति ॥ ७ ॥

भाषार्थ-हे श्रीकृष्णचंद्रजी ! वह राधाजी आपके वियोगसे किया है स्मरण जिसने उसके समान निरंतर और अत्यंत अभिलाषासे हरि हरि जपती है अर्थात् अंतसमयमें भगवद्भजन करती है ॥ ७ ॥

श्रीजयदेवभणितमिति गीतम् ॥ सुखयतु केशवपदमुपनीतम् ॥ ८ ॥

इति श्रीगीतगोविन्दे नवमः प्रबंधः ॥ ९ ॥

पद-श्रीजयदेवभणितम् १ इति १ गीतम् १ सुखयतु क्रि० केशवपदम् २ उपनीतम् २ ॥ ८ ॥

योजना--केशवपदम् उपनीतं श्रीजयदेवभणितम् इति गीतं भक्तान् सुखयतु ॥ ८ ॥

भाषार्थ--केशवके चरणोंमें अर्पण किया हुआ यह जय देवका कहा गीत भक्तजनोंको सुख दो ॥ ८ ॥

इति श्रीगीतगोविन्दभाषाविवृतौ नवमः प्रबन्धः ॥ ९ ॥

सा रोमाञ्चति सीत्करोति विलपत्युत्कम्पते ताम्यति ध्यायत्युद्भ्रमति प्रमीलति पतत्युद्याति मूर्च्छत्यपि॥ एतावत्यतनुज्वरे वरतनुर्जीवेन्न किं ते रसात्स्वर्वैद्य-प्रतिम प्रसीदसि यदि त्यक्तोऽन्यथा हस्तकः ॥ १॥

पद--सा १ रोमाञ्चति क्रि० सीत्करोति क्रि० विलपति क्रि० उत्कम्पते ताम्यति क्रि० ध्यायति क्रि० उद्भ्रमति क्रि० प्रमीलति क्रि० पतति क्रि० उद्याति क्रि० मूर्च्छति क्रि० अपि ऽ एतावति ७ अतनुज्वरे ७ वरतनुः १ जीवेत् क्रि० नऽ किम् ते ६ रसात् ५ स्वर्वैद्यप्रतिम १ प्रसीदसि क्रि० यदिऽ त्यक्तः १ अन्यथाऽ हस्तकः १ ॥ १ ॥

योजना--सा राधा रोमाञ्चति सीत्करोति विलपति उत्कम्पते ताम्यति ध्यायति उद्भ्रमति प्रमीलति पतति उद्याति मूर्च्छति अपि एतावति अतनुज्वरे सति हे स्वर्वैद्यप्रतिम यदि त्वं प्रसीदसि सा वरतनुः ते रसात् किं न जीवेत् ! अपि तु जीवदेव अन्यथा (न प्रसीदसि चेत्) हस्तकः त्यक्तः॥ १ ॥

भाषार्थ--हे श्रीकृष्णचंद्रजी इस राधाजीके रामांचे खडे हैं सीत्कार शब्द करती है विलाप करती हैं कंपती हैं ग्लानिको प्राप्त होती हैं चिंता करती हैं अत्यंत भ्रमको प्राप्त होती हैं नेत्रोंको मीचती हैं शय्या आदिमें पडती हैं ऊंची खडी होती हैं--मूर्छाको प्राप्त होती हैं ये सब हैं ज्वरके चिह्न जिसके ऐसे

उग्र ज्वर होनेपर हे अश्विनीकुमारवैद्यके तुल्य यदि आप प्रसन्न होजाओगे तो क्या वह राधाजी आपके रस (शृंगार वा औषध) से न जीवैंगी अर्थात् अवश्य जीवैंगी और यदि आप प्रसन्न न होंगे तो हाथ त्याग दिया अर्थात् हाथ छोड बैठे वह अवश्य मर जायगी ॥ १ ॥

स्मरातुरां दैवतवैद्यहृद्य त्वदङ्गसङ्गामृतमात्रसाध्याम् ॥
विमुक्तबाधां कुरुषे न राधामुपेंद्रवज्रादपि दारुणोऽसि २॥

पद-स्मरातुराम् २ दैवतवैद्यहृद्य १ त्वदङ्गसङ्गामृतमात्रसाध्याम् २ विमुक्तबाधाम् २ कुरुषे क्रि०नऽ राधाम् २ उपेंद्र (१) वज्रात् ५ अपिऽ दारुणः १ असि क्रि० ॥ २ ॥

योजना-हे दैवतवैद्यहृद्य हे उपेंद्र स्मरातुरां त्वदङ्गसङ्गामृतमात्रसाध्यां राधां त्वं विमुक्तबाधां न कुरुषे चेत् त्वं वज्रादपि दारुणः असि ॥ २ ॥

भाषार्थ-हे अश्विनीकुमारवैद्यके समान सुन्दर और हे उपेंद्र (वामनरूप) कामदेवसे पीडित और आपके अंग संगरूपअमृतसे साध्य (चिकित्साके योग्य) राधाजीकी बाधाको आप दूर न करोगे तो वज्रसे भी दारुण आप हो ॥ २ ॥

कन्दर्पज्वरसञ्ज्वराकुलतनोराश्चर्यमस्याश्चिरं चेतश्चन्दनचन्द्रमःकमलिनीचिन्तासु संताम्यति ॥ किं तु क्षान्तिवशेन शीतलतनुं त्वामेवमेकं प्रियं ध्यायन्ती रहसि स्थिता कथमसौ क्षीणा क्षणं प्राणिति ॥ ३ ॥

पद-कन्दर्पज्वरसञ्ज्वराकुलतनोः ६ आश्चर्यम् १ अस्याः ६ चिरं ऽ चेतः १ चन्दनचन्द्रमःकमलिनीचिन्तासु ७ संताम्यति क्रि० किन्तुऽ

क्षांतिवशेन ३ शीतलतनुम् २ त्वाम् २ एवम्ऽ एकं २ प्रियं २ ध्यायन्ती १ रहसि ७ स्थिता १ कथम्ऽ असौ १ क्षीणा १ क्षणं २ प्राणिति क्रि० ॥ ३ ॥

योजना—कंदर्पज्वरसंज्वराकुलतनोः अस्याः चेतः चन्दनचन्द्रमः कमलिनीचिंतासु चिरं संतास्यति इति आश्चर्यम् किंतु रहसि स्थिता, क्षांतिवशेन शीतलतनुम् एकं प्रियम् त्वाम् एवं क्षणं ध्यायन्ती असौ क्षीणा कथं प्राणिति ॥ ३ ॥

भाषार्थ—कामदेवके ज्वरकी पीडासे व्याकुल है शरीर जिसका ऐसी इन राधाजीका चित्त चंदन, चंद्रमा, कमलिनी इनके स्मरणसे भी चिरकालतक ग्लानिको प्राप्त होता है यह बडा आश्चर्य है किंतु एकांतमें बैठी शीतलशरीर और ऐसे रूपवाले असाधारण प्यारे आपका ध्यान करती हुई और कृश है अङ्ग जिनका ऐसी वे राधाजी इस क्षणमें न आवे तो दूसरे क्षणमें आवेंगे इस आशाके वशसे कथंचित् जीवती है अर्थात् राधाजीका जीवन आपके स्मरणसे ही है ॥ ३ ॥

क्षणमपि विरहः पुरा न सेहे नयननिमीलनखिन्नया ययाते ॥ श्वसिति कथमसौ रसालशाखां चिरविरहेण विलोक्य पुष्पिताग्राम् ॥ ४ ॥

पद—क्षणम् २ अपिऽ विरहः १ पुराऽ सेहे क्रि० नयननिमीलनखिन्नया ३ यया ३ ते ६ श्वसिति क्रि० कथम्ऽ असौ १ रसालशाखां २ चिरविरहेण ३ विलोक्यऽ पुष्पिताग्राम् १ ॥ ४ ॥

योजना—हे श्रीकृष्णचन्द्र नयननिमीलनखिन्नया यया ते विरहः पुरा क्षणम् अपि न सेहे असौ (राधा) पुष्पिताग्रां रसालशाखां विलोक्य चिरविरहेण कथं श्वसिति ॥ ४ ॥

भाषार्थ-हे श्रीकृष्णचंद्रजी ! नेत्रोंकी पलको मीचनेसे दुःखी हुई जिस राधाजीने आपका विरह क्षणमात्र भी न सहाथा अब वह राधाजी चिरकालतक आपके विहरमें फलोंसहित है अग्रभाग जिसकी ऐसी आम्रकी शाखाको देखकर किस प्रकार जीवती होगी अथात् उसका जीवन कठिन है ॥ ४ ॥

वृष्टिव्याकुलगोकुलावनरसादुद्धृत्य गोवर्द्धनं बिभ्र-
द्बल्लवसुन्दरीभिरधिकानन्दाच्चिरं चुम्बितः ॥ कंद-
र्पेणतदर्पिताधरतटीसिंदूरमुद्रांकितो बाहुर्गोपत-
नोस्तनोतु भवतः श्रयांसि कंसद्विषः ॥ ५ ॥

इति श्रीकविराजश्रीजयदेवकृते गीतगोविन्दे महा-
काव्ये स्निग्धमाधवो नाम चतुर्थः सर्गः ॥ ४ ॥

पद-वृष्टिव्याकुलगोकुलावनरसात् ५ उद्धृत्यऽ गोवर्द्धनम् २ बिभ्रत् १ बल्लवसुन्दरीभिः३ अधिकानन्दात् ५ चिरंऽ चुंबितः १ कंदर्पेण ३ तदर्पिताधरतटीसिन्दूरमुद्राङ्कितः १ बाहुः १ गोपतनोः ६ तनोतु क्रि० भवतः ६ श्रेयांसि २ कंसद्विषः ६ ॥ ५ ॥

योजना-वृष्टिव्याकुलगोकुलावनरसात् गोवर्द्धनम् उद्धृत्य चिरं बिभ्रत् अधिकानन्दात् वल्लवसुन्दरीभिः चुम्बितः-कन्दर्पेण तदर्पिता धरतटीसिन्दूरमुद्राङ्कितः कंसद्विषः गोपतनोः बाहुः भवतः श्रेयांसि तनोतु ॥ ५ ॥

भाषार्थ-वृष्टिसे व्याकुल गोकुलकी रक्षासे अनुरागसे गोवर्द्धनका चिरकालतक धारण करता हुआ और व्रजसुंदरी (गोपी) योंने अधिक आनंदसे किया है चुंबन जिसका और इसीसे कामदेव केशवसे गोपियोंने भुजापर लगाया जो बिंबाधर उसमें लगे

सिंदूरसे अंकित ऐसी कंसके शत्रु गोपरूप श्रीकृष्णचंद्रजीकी भुजा तुम भक्तोंका कल्याण करो ॥ ५ ॥

इति श्रीपं० जयदेवकृते-गीतगोविंदे पं० मिहिरचंद्र कृतभाषाविवृतिसहिते चतुर्थः सर्गः ॥ ४ ॥

पञ्चमः सर्गः ५.

अहमिह निवसामि याहि राधामनुनय मद्वचनेन चानयेथाः ॥ इति मधुरिपुणा सखी नियुक्ता स्वयमिदमेत्य पुजर्नगाद राधाम् ॥ १ ॥

पद--अहम् १ इहऽनिवसामि क्रि०याहि क्रि०राधाम् २ अनुनय क्रि० मद्वचनेन ३ चऽ आनयेथाः क्रि० इतिऽ मधुरिपुणा ३सखी १नियुक्ता १ स्वयम्ऽ इदम् २ एत्यऽ पुनःऽ जगाद क्रि०राधाम् २ ॥१॥

योजना--अहम् इह निवसामि त्वं याहि, मद्वचनेन राधाम् अनुनय च पुनः आनयेथाः, मधुरिपुणा इति नियुक्ता सखी स्वयम् एत्य राधाम् पुनः इदम् वचनं जगाद ॥ १ ॥

भाषार्थ--मैं इसी कुञ्जमें वसूंगा मेरे वचनसे राधाजीका अनुनय (शांति) कर और मेरे समीप लेआ यह कहकर प्रेरी हुई सखी स्वयं जाकर राधाजीके प्रति यह वक्ष्यमाण (जो आगे कहेंगे) वचन बोली ॥ १ ॥

अथ दशमप्रबन्धो वराडिरागेण रूपकताले गीयते १० ॥

वहति मलयसमीरे मदनमुपनिधाय ॥ स्फुटति कुसुमनिकरे विरहिहृदयदलनाय ॥ १ ॥ तव हिरहे वनमाली सखि सीदति ॥ ध्रु० ॥

पद—वहति ७ मलयसमीरे ७ मदनम् २ उपनिधायऽ स्फुटति ७ कुसुमनिकरे ७ विरहिहृदयदलनाय ४ तव ६ विरहे ७ वनमाली १ सखि १ सीदति क्रि० ॥ १ ॥

योजना—हे सखि (राधे) मदनम् उपनिधाय मलयसमीरे वहति सति विरहिहृदयदलनाय कुसुमनिकरे स्फुटति सति नव विरहे वनमाली सीदति (दुःखीभवति) ॥ १ ॥

भाषार्थ—हे राधाजा ! जिससमय, कामदेवको सहाय बना कर मलयाचल (दक्षिण) का पवन चलता है और विरही मनुष्योंके हृदय छेदनके लिये पुष्पोंका समूह खिलता है उस समय तेरे विहरमें वनमाली (श्रीकृष्णचंद्रजी) दुःखी होते हैं १।

दहति शिशिरमयूखे मरणमनुकरोति पतति ॥
मदनविशिखे विलपति विकलतरोऽति ॥ २ ॥

पद—दहति ७ शिशिरमयूखे ७ मरणम् २ अनुकरोति क्रि० पतति ७ मदनविशिखे ७ विलपति क्रि० विकलतरः १ अतिऽ ॥ २ ॥

योजना—हे राधे शिशिरमयूखे दहति सति मरणम् अनुकरोति मदनविशिखे पतति सति अतिविकलतरः (सन्) विलपति ॥ २ ॥

भाषार्थ—हे राधेजी ! जिस समय शीतकी किरण दुःख देती हैं उस समय श्रीकृष्णचंद्रजी मृत्युकी पीडाके समान दुःख पाते हैं अर्थात् तुम्हारी प्राप्तिकी आशासे कष्टसे जी रहे हैं और जिस समय कामदेवके बाण लगते हैं बस समय विह्वल होकर अत्यंत विलाप करते हैं ॥ २ ॥

ध्वनति मधुपसमूह श्रवणमपि दधाति ॥ मनसि
वलितविरहे निशिनिशि रुजमुपयाति ॥ ३ ॥

पद–ध्वनति७ मधुपसमूहे ७ श्रवणम् २ अपिऽ दधाति क्रि०मनसि ७ वलितविरहे ७ निशि ७ निशि ७ रुजम् २ उपयाति क्रि० ॥ ३ ॥

योजना–मधुपसमूहे ध्वनति सति श्रवणम् अपि दधाति मनसि वलितविरहे सति निशि निशि रुजम् उपयाति ॥ ३ ॥

भाषार्थ–जिस समय भ्रमरोंका समूह शब्द करता है–उस समय अंगुलीके अग्रभागसे कानोंका आच्छादन करते हैं और जिस समय आपके विरहका दुःख मनमें बढता हैं उस समय सभीरात्रियोंमें पीडाको प्राप्त होते हैं अर्थात् आपके विरहमें भ्रमरोंका शब्द भी नहीं सहा जाता ॥ ३ ॥

वसति विपिनविताने त्यजति ललितमपि धाम ॥
लुठति धरणिशयने बहु विलपति तव नाम ॥ ४ ॥

पद–वसति क्रि०विपिनविताने ७ त्यजति क्रि०ललितम् २ अपिऽ धाम २ लुठति क्रि० धरणिशयने ७ बहु २ विलपति क्रि० तव ६ नाम २ ॥ ४ ॥

योजना–ललितम् अपि धाम त्यजति विपिनविताने वसति धरणिशयने लुठति–तव नाम बहु विलपति ॥ ४ ॥

भाषार्थ–हे राधाजी वे श्रीकृष्णचंद्रजी आपके वियोगमें जहां बहुत बनका विस्तार है वहां वसते हैं और सुंदर भी अपने स्थानको त्यागते हैं पृथ्वीशय्यापर सोते हैं और वारंवार आपके नामको जपते हैं अर्थात् प्राणप्रिया आपके विना व्यग्रचित्त है ॥ ४ ॥

रणति पिकसमुदाये प्रतिदिशमनुयाति ॥ हसति
मनुजनिचये निजविरहमपलपति नेति ॥ ५ ॥

पद—रणति ७ पिकसमुदाये ७ प्रतिदिशमुऽ अनुयाति क्रि० हसति ७ मनुजनिचये ७ निजविरहम् २ अपलपति क्रि० नऽ इतिऽ ॥ ५ ॥

योजना—पिकसमुदाये रणति सति हे राधे श्रीकृष्णः प्रतिदिशम् अनुयाति मनुजनिचये हसति सति निजविरहं न इति अपलपति॥५॥

भाषार्थ—हे राधाजी श्रीकृष्णचंद्रजी जिस समय कोकिलोंका समूह गूँजता है उसको तुमारा शब्द जानकर चारों दिशाओंमें घूमते हैं और जब मनुष्योंका समूह हँसता हैं तब आपके वियोगसे पैदा हुए अपने विरहदुःखको ऐसे झिडकते हैं कि—तू मत हो ॥ ५ ॥

स्फुरति कलरवरावे स्मरति भणितमेव ॥ तव
रतिसुखविभवे बहु गणयति सुगुणमतीव ॥ ६ ॥

पद—स्फुरति ७ कलरवरावे ७ स्मरति क्रि० भणितम् २ एवऽ तव ६ रतिसुखविभवे ७ बहुऽ गणयति क्रि० सुगुणम् २—अतीवऽ ॥६॥

योजना—कलरवरावे स्फुरति सति तव भणितम् एव स्मरति तव रतिसुखविभवे सति अतीव सुगुणं (तत्सुखं बहु) गणयति ॥ ६ ॥

भाषार्थ—हे राधाजी ! वे श्रीकृष्णचंद्रजी मधुर है शब्द जिनका ऐसे पक्षी जिस समय शब्द करते हैं उस समय आप के मधुर शब्दका स्मरण करते हैं और जब तेरी रतिके सुख का अनुभव होता है तब बडा ही श्रेष्ठ सुख है ऐसे कहकर उस सुखको वारंवार गिनते हैं ॥ ६ ॥

त्वदभिधशुभदमासं वदति नरि शृणोति ॥ तमपि
जपति च सरसं परयुवतिषु न रतिमुपैति ॥७॥

पद—त्वदभिधशुभदमासं २ वदति ७ नरि ७ शृणोति क्रि० तम् २

अपिऽ जपति क्रि० चऽ सरसम् २ परयुवतिषु ७ नऽ रतिम् २ उपैति० क्रि ॥ ७ ॥

योजना—नरि त्वदभिधशुभदमासं वदति सति तव शृणोति तव अपिऽ सरसं यथा स्यात् तथा जपति परयुवतिषु रतिं न उपैति॥७॥

भाषार्थ—हे राधेजी! वे श्रीकृष्णचंद्रजी शुभके दाता आपके नाम (राधा वैशाख) के मासका जब कोई मनुष्य उच्चारण करता है तब बडे प्रेमसे उसको सुनते हैं और उसको बडी प्रीतिसे जपते हैं और आपसे अन्य स्त्रियोंमें सुखको प्राप्त नहीं होते हैं ॥ ७ ॥

भणति कविजयदेव इति विरहविलसितेन ॥
मनसि रसविभवे हरिरुदयतु सुकृतेन ॥ ८ ॥
इति श्रीगीतगोविन्दे दशमः प्रबंध ॥ १० ॥

पद—भणति ७ कविजयदेवे ७ इतिऽ विरहविलसितेन ३ मनसि ७ रसविभवे ७ हरिः १ उदयतु क्रि० सुकृतेन ३ ॥ ८ ॥

योजना—विरहविलसितेन कविजयदेवे इति भणति सति रसविभवे सति मनसि हरिः सुकृतेन उदयतु ॥ ८ ॥

भाषार्थ—श्रीकृष्णचंद्रजीके विरहविलासके इस प्रकार जयदेवके कथन करनेपर आनंदकीही अधिकता जिसमें ऐसे जयदेवके मनमें पुण्यसे हरिका उदय हो—अर्थात् श्रीकृष्ण चंद्रजी प्रकट हों ॥ ८ ॥

इति श्रीगीतगोविन्दभाषाविवृतौ दशमः प्रबन्धः ॥ १० ॥

पूर्वं यत्र समं त्वया रतिपतेरासादिताः सिद्धयस्त-
स्मिन्नेव निकुञ्जमन्मथमहातीर्थे पुनर्माधवः॥ ध्यायं-

स्त्वामनिशं जपन्नपि तवैवालापमन्त्रावलिं भूयस्त्व-त्कुचकुम्भनिर्भरपरीरम्भामृतं वाञ्छति ॥ १ ॥

पद—पूर्वं २ यत्रऽ समंऽ त्वया ३ रतिपतेः ६ आसादिताः १ सिद्धयः १ तस्मिन् ७ एवऽ निकुंजमन्मथमहातीर्थे ७ पुनःऽ माधवः ध्यायन् १ त्वाम् २ अनिशंऽजपन् १ अपिऽ तव ६ एवऽ आलापमन्त्रावलिं २ भूयःऽ त्वत्कुचकुम्भनिर्भरपरीरम्भामृतं २ वांछति क्रि०॥१॥

योजना—यत्र त्वया समं रतिपतेः सिद्धयः आसादिताः तस्मिन् एव निकुञ्जमन्मथमहातीर्थे त्वाम् एव अनिशं ध्यायन् तव एव मन्त्रावलिम् अपि जपन्सन् भूयः त्वत्कुचकुम्भनिर्भरपरीरम्भामृतं वांछति ॥ १ ॥

भाषार्थहे राधाजी ! जिस कुंजमें पहिले समयमें तेरे संग कामदेव (शृंगारस) की सिद्धिप्राप्त कीथी उसी कामदेवके महातीर्थ कुंजमें फिर माधवजी रातदिन आपका ही ध्यान करते और रातदिन आपकेही वाक्यरूप मंत्रोंके समूहको जपते हुए फिर भी आपके स्तनकलशोंके गाढालिंगनरूप अमृतकी वांछा करते हैं जेसे सिद्धिके अनंतर मोक्षरूप अमृतकी इच्छा होती है ऐसेही श्रीकृष्णचंद्रजी भी कामसिद्धिके अनंतर गाढालिंगनरूप अमृतको चाहते हैं ॥ १ ॥

अथैकादशः प्रबन्धः केदाररागेणैकतालीतालेन गीयते ११

रतिसुखसारे गतमभिसारे मदनमनोहरवेषम्। न कुरु नितम्बिनि गमनविलम्बनमनुसर तं हृदयेशम् ॥ १ ॥ धीरसमीरे यमुनातीरे वसति वने वनमाली ॥ गोपी-पीनपयोधरमर्दनचञ्चलकरयुगशाली ॥ ध्रु० ॥

पद–रतिसुखसारे ७ गतम् २ अभिसारे ७ मदनमनोहरवेषम् २ नऽ कुरु क्रि० नितम्बिनि १ गमनविलम्बनम् २ अनुसर क्रि० तम् २ हृदयेशम् २ धीरसमीरे ७ यमुनातीरे ७ वसति क्रि० वने ७ वनमाली १ गोपीपीनपयोधरमर्दनचञ्चलकरयुगशाली १ ॥ १ ॥

योजना–हे राधे धीरसमीरे यमुनातीरे वने गोपीपीनपयोधरमर्दनचञ्चलकरयुगशाली वनमाली वसति रतिसुखसारे अभिसारे गतम् मदनमनोहरवेषं तं हृदयेशं त्वम् अनुसर हे नितम्बिनि गमनविलम्बनम् न कुरु ॥ १ ॥

भाषार्थ–हे श्रीराधे ! धीर है पवन जिसमें ऐसे यमुनाके तीरके वनमें गोपियोंका बडे २ स्तनोंके मर्दन करनेसें चंचल हैं दोनों हाथ जिनके ऐसे वनमाली (श्रीकृष्णचंद्र) जी वसते हैं रातिके संगका है अधिक सुख जिसमें ऐसे अभिसार (संकेतस्थान) में गये और कामदेवके समान मनोहर है वेष जिनका और जो तेरे हृदयको स्वामी हैं ऐसे उस वनमालीजीके समीप आप चलो और हे नितम्बिनि अर्थात् बडे कटिपश्चाद्भागवाली हे राधे गमनमें विलम्ब मत करो ॥ १ ॥

नामसमेतं कृतसङ्केतं वादयते मृदु वेणुम् ॥ बहु मनुतेऽतनु ते तनुसङ्गतपवनचलितमपि रेणुम् ॥ २ ॥

पद–नामसमेतम् २ कृतसंकेतं २ वादयते क्रि० मृदु २ वेणुम् २ बहुऽ मनुते क्रि० अतनुऽ ते ६ तनुसङ्गतपवनचलितम् २ अपिऽ रेणम् २ ॥ २ ॥

योजना–हे श्रीराधे नामसमेतं कृतसङ्केतं वेणुम् मृदु वादयते ते तनुसङ्गतपवनचलितम् अपि रेणुम् अतनु यथा स्यात्तथा बहु मनुते ॥ २ ॥

भाषार्थ-हे श्रीराधे ! आपके नामसहित संकेतसे कोमल स्वरसे श्रीकृष्णचंद्रजी वंशीको बजाते हैं और तेरे शरीरके संग-की पवनसे चली हुई रेणुकाभी अधिक सन्मान करते हैं ॥ २॥

पतति पतत्रे विचलति पत्रे शङ्कितभवदुपयानम् ॥
रचयति शयनं सचकितनयनं पश्यति तव पन्थानम् ३

पद--पतति ७ पतत्रे ७ विचलति ७ पत्रे शङ्कितभवदुपयानम् २ रचयति क्रि० शयनम् २ सचकितनयनं २ पश्यति क्रि० तव ६ पन्थानम् २ ॥ ३ ॥

योजना--पतत्रे पतति सति, पत्रे विचलसि सति शङ्कितभवदुप-यानं तव पन्थानं पश्यति सचकितनयनं यथा स्यात् तथा शयनं रचयति ॥ ३ ॥

भाषार्थ-हे श्रीराधे ! जिस समय पक्षी अन्यवृक्षपर उडकर जाता हैं वा किसी वृक्षका पत्ता गिरता है उस समय तेरे आग-मनकी शंकासे श्रीकृष्णचंद्रजी आपके मार्गकी तरफ देखते हैं और नयनोंको चकित करके शय्याको रचते हैं अथात् आपके शयनार्थ पुत्रपुष्पकी शय्याको रचते हैं ॥ ३ ॥

मुखरमधीरं त्यज मञ्जीरं रिपुमिव केलिसुलोलम् ॥
चल सखि कुञ्जं सतिमिरपुञ्जं शीलय नीलनिचोलम् ४

पद--मुखरम् २ अधीरं २ त्यज क्रि० मंजीरं २ रिपुम् २ इव केलिसुलोलं २ चल क्रि० सखि १ कुंजं २ सतिमिरपुंजम् २ शीलय क्रि० नीलनिचोलम् २ ॥ ४ ॥

योजना-हे सखि त्वं मुखरं केलिसुलोलं मंजीरं रिपुम् इव त्यज सतिमिरपुंजं कुञ्जं चल नीलनिचोलं शीलय ॥ ४ ॥

भाषार्थ–हे सखि (श्रीराधे) मुखर (वाचाल) और अधीर (मूर्ख) और क्रीडामें चंचल नूपुरको शत्रुके समान त्याग दो और अंधकारके समूहसहित जो कुंज उसमें चलो और नीलाम्बरको धारण करो अर्थात् नूपुरको त्याग और नीलवस्त्रको धारण करके अंधकारमें गमन करती हुई आपको कोई न देखेगा ॥ ४ ॥

उरसि मुरारेरुपहितहारे घन इव तरलबलाके ॥
तडिदिव पीते रतिविपरीते राजसि सुकृतविपाके५॥

पद–उरसि ७ मुरारेः ६ उपहितहारे ७ घने ७ इवऽ तरलबलाके ७ तडित् १ इवऽ पीते ७ रतिविपरीते ७ राजसि क्रि० सुकृत-विपाके ७ ॥ ५ ॥

योजना–हे सखि त्वम् उपहितहारे सुकृतविपाके रतिविपरीते तर-लबलाके घने इव मुरारेः उरसि हे पीते (पीतवर्णे) त्वं तडित् इव राजसि ॥ ५ ॥

भाषार्थ–हे पीतवर्ण(श्रीराधे) आप स्थित है हार जिस-पर चंचल बलाका जिसमें ऐसे घनसदृश और पुण्यके फलरूप श्रीकृष्णचंद्रके वक्षस्थलपर विपरीत रतिके समयमें अर्थात् पुरुषके समान बनकर आप बिजलीके समान शोभाका प्राप्त होयगी ॥ ५ ॥

विगलितवसनं परिहृतरशनं घटय जघनमपिधानम्॥
किसलयशयने पङ्कजनयने निधिमिव हर्षनिदानम्६

पद–विगलितवसनं २ परिहृतरशनं २ घटय क्रि० जघनं २ अपि-

धानम् २ किसलयशयने ७ पङ्कजनयते ७ निधिम् २ इवऽ हर्षनिदानम् २ ॥ ६ ॥

योजना-हे राधे किसलयशयने पङ्कजनयने विगलितवसनम् २ परिहृतरशनम् अपिधानं जघनं हर्षनिदानं निधिम् इव त्वं घटय (आरोपय) ॥ ६ ॥

भाषार्थ-हे श्रीराधे कमलोंकी शय्यापर शयन करते हुए पुण्डरीकाक्ष (श्रीकृष्णचंद्रजी) के ऊपर नहीं है वह जिसमें निकसगयी है रशना (कोंदनी) जिसकी ऐसी उस नग्न जंघाको आरोपण करो (रख) और जो रखनेके समय आनंद देनेवाले निधि (खजाना) के समान प्रतीत होती है ॥ ६ ॥

हरिरभिमानी रजनिरिदानीमियमपि याति विरामम् ॥
कुरु मम वचनं सत्वररचनं पूरय मधुरिपुकामम् ॥ ७ ॥

पद-हरिः १ अभिमानी १ रजनिः १ इदानीमूऽइयम् अपिऽ याति क्रि० विरामम् २ कुरु क्रि० मम ६ वचनं २ सत्वररचनम् २ पूरय क्रि० मधुरिपुकामम् २ ॥ ७ ॥

योजना-हे श्रीराधे हरिः अभिमानी अस्ति इदानीं रजनिअस्ति इयं (रजनिः) अपि विरामं याति सत्वररचनं मम वचनं त्वं कुरु मधुरिपुकामं त्वं पूरय ॥ ७ ॥

भाषार्थ-हे श्रीराधे ! श्रीकृष्णचंद्रजी अभिमानी हैं और अब रात्रि भी है और सोभी बीती जाती है इससे आप शीघ्र-मेरे वचनको करो और मधुरिपु (श्रीकृष्णचंजी) की कामनाको पूर्ण करो ॥ ६ ॥

श्रीजयदेवे कृतहरिसेवे भणति परमरमणीयम् ॥ प्रमु-

दितहृदयं हरिमिति सदयं नमत सुकृतकमनीयम्
॥ ८ ॥ इति श्रीगीतगोविन्दे एकादशप्रबंधः ॥ ११ ॥

पद–श्रीजयदेवे ७ कृतहरिसेवे ७ भणति ७ परमरमणीयं २ प्रमुदितहृदयं २ हरिम् २ अतिसदयं २ नमत क्रि० सुकृतकमनीयम् २ ॥

योजना–हे वैष्णवाः–कृतहरिसेवे–प्रमुदितहृदयं यथा स्यात्तथा इदं परमरमणीयं भणति श्रीजयदेवे अतिसदयं सुकृतकमनीयं हरिम् यूयं नमत ॥ ८ ॥

भाषार्थ–हे भक्तजन वैष्णवो ! की है कृष्णकी सेवा जिसने और प्रसन्न होकर हृदयसे वर्णन किया है परम रमणीय(सुंदर) इस गीतको जिसने ऐसे श्रीजयदेव कविपर अत्यंतदयालु और पुण्यके समान रमणीय वा पुण्यसे देखने योग्य जो हरि उसको तुम नमस्कार करो ॥ ८ ॥

इति श्रीगीतगोविन्दभाषाविवृतौ एकादशः प्रबन्धः ॥

विकिरति मुहुःश्वासानाशाःपुरो मुहुरीक्षते प्रविशति मुहुः कुञ्जं गुञ्जन्मुहुर्बहु ताम्यति ॥ रचयति मुहुः शय्यां पर्याकुलं मुहुरीक्षते मदनकदनक्लान्तः कान्ते प्रियस्तव वर्तते ॥ १ ॥

पद–विकिरति क्रि०मुहुःऽ श्वासान् २ आशाः २ पुरःऽ मुहुःऽ ईक्षते क्रि०प्रविशति क्रि०मुहुःऽ कुञ्जं २ गुञ्जन् १ मुद्रःऽ बहु २ ताम्यति क्रि०रचयति–मुहुःऽ शय्यां २ पर्याकुलम् २ मुहुःऽ ईक्षते क्रि०मदनकदनक्लांतः १ कांते १ प्रियः १ तव ६ वर्तते क्रि० ॥ १ ॥

योजना–हे कांते तव प्रियः यतः मुहुः श्वासान् विकिरति पुरः आशाः मुहुः ईक्षते– कुञ्जं मुहुःप्रविशति गुंजन्सन् मुहुः बहु ताम्यति

शय्यां मुहुः रचयति पर्याकुलं यथा स्यात्तथा मुहुः ईक्षते अतः मदनकदनक्लान्तः वर्तते ॥ १ ॥

भाषार्थ—हे कोमलांगि श्रीराधे ! जिससे आपके प्यारे श्रीकृष्णचंद्रजी वारंवार ऊर्ध्वश्वासोंकी धारा छोडते हैं और आपने आगेकी दिशाओंको वारंवार देखते हैं अर्थात् व्याकुल होकर कोन दिशासे राधाजी आवेंगी इस आशासे सब दिशाओंको देखते हैं और वहांभी न देखकर बाहिर छिपकर खडा होकर वारंवार कुंजमें प्रवेश करते हैं और क्यों न आई किसने मने कीं वा किसके भयसे न आई ऐसे वारंवार कहते हुए ग्लानिके प्राप्त होते हैं और यह संदेह वृथा है अवश्य आवेगी इस विचारसे वारंवार शय्याको रचते हैं और शय्यापरभी न देखकर अत्यंत व्याकुलसे मेरे अनुराग (प्रेम) से अब आवेगी यह समझकर वारंवार देखते हैं इन पूर्वोक्त संपूर्णलक्षणोंसे प्रतीत होता है कि आपके प्यारे कामदेवका पीडासे दुःखित हैं इससे आपको अपने प्यारेके दुःखोंकी शांति करनी योग्य है ॥ १ ॥

त्वद्वाक्येन समं समग्रमधुना तिग्मांशुरस्तङ्गतो
गोविन्दस्य मनोरथेन च समं प्राप्तं तमः सान्द्रताम् ॥
कोकानां करुणस्वनेन सदृशी दीर्घा मदभ्यर्थना
तन्मुग्धे विफलं विलंबनमसौ रम्योऽभिसारक्षणः ॥२॥

पद—त्वद्वाक्येन ३ समं ऽ समग्रम् २ अधुना ऽ तिग्मांशुः १ अस्तङ्गतः १ गोविंदस्य ६ मनोरथेन ३ च ऽ समं ऽ प्राप्तं १ तमः १ सांद्र

तां २ कोकानाम् ६ करुणस्वनेन ३ सदृशी १ दीर्घा १ मदभ्यर्थना १ तत्ऽ मुग्धे १ विफलम् १ विलम्बनम् १ असौ १ रम्यः १ अभिसारक्षणः १

योजना–हे मुग्धे (मूढे) श्रीराधे त्वद्वाक्येन समम् अधुना समग्रं यथा स्यात्तथा तिग्मांशुः (सूर्यः) अस्तंगतः–च पुनः गोविंदस्य मनोरथेन समं ततः (अन्धकारः) सान्द्रतां प्राप्तम् कोकानां करुण स्वनेन सदृशी मदभ्यर्थना दीर्घा अस्ति तत् (तस्मात्) विलम्बनं विफलम् अस्ति–असौ अभिसारक्षणः रम्यः वर्तते ॥ २ ॥

भाषार्थ–मूर्खिणी श्रीराधे ! अब आपके वाक्योंके संग सूर्य संपूर्ण अस्त हो चुका है अर्थात् आप शोकसे चुप बैठी हो और सूर्य छिप चुका और श्रीकृष्णचंद्रजीके मनोरथों सहित अंधकार सघन होगया अर्थात् जैसे गोविंदके तेरी प्राप्तिके लिये बडे २ मनोरथ हैं ऐसे ही अंधकारभी बढ गया है और कवियोंके करुणशब्दके समान मेरी प्रार्थना दीर्घ (भारी) है अर्थात् मैं अत्यंत प्रार्थना कर रही हूं तिससे अब विलंब करना निष्फल है क्योंकि यह अभिसार (संकेत स्थानमें जाना) का क्षण बडा रमणीय है अर्थात् गमनके योग्य है ॥ २ ॥

आश्लेषादनुचुम्बनादनुनखोल्लेखादनुस्वान्तजात् प्रो-
द्बोधादनुसम्भ्रमादनुरतारम्भादनुप्रीतयोः ॥ अन्यार्थं
गतयोर्भ्रमान्मिलितयोः संभाषणैर्जानतोर्दंपत्योर्निशि
को न को न तमसि व्रीडाविमिश्रो रसः ॥ ३ ॥

पद–आश्लेषात् ५ अनुचुंबनात ५ अनुनखोल्लेखात् ५ अनुस्वान्त-

जात् ५ प्रोद्बोधात् ५ अनुसम् भ्रमात् ५ अनुरतारम्भात् ५ अनु प्रीतयोः६ अन्यार्थं २ गतयोः६ भ्रमात् ५ मिलितयोः६ संभाषणैः३ जानतोः ६ दम्पत्योः ६ निशि ७ कः १ नऽ कः १ नऽ तमसि ७ व्रीडाविमिश्रः २ रसः ॥ ३ ॥

योजना-आश्लेषात् अनुचुम्बनात् अनुनखोल्लेखात् अनुस्वान्तजात् प्रोद्बाधात् अनुसम्भ्रामात् अनुरतारभात् अनुप्रीतयोः अन्यार्थं गतयोः भ्रमात् मिलितयोः संभाषणैः जानतोः दम्पत्योः निशि तमसि व्रीडाविमिश्रः कः कः रसः न भवेत् । अपि तु सर्वोपि व्रीडा-विमिश्रो रसो भवत्येवेत्यर्थः ॥ ३ ॥

भाषार्थ--हे श्रीराधे प्रथम आलिंगन (स्मर्श) से, फिर चुंबनसे फिर नखोंके छेदनसे--फिर अपने मनमें पैदा हुए कामदेवके बोधसे फिर वेगसे फिर रति (मैथुन) के आरंभके पीछे परस्पर प्रसन्न हुए, और परपुरुष और पराईस्त्रीके लिये संकेतस्थानमें गये और भ्रमसे अंधकारमें लिये और यह मेरी स्त्री नहीं है यह मेरा पुरुष नहीं है यह संभाषणा (बोली) से परस्पर जानते हुए जो स्त्री पुरुष हैं उनको रात्रिके समय, अंधकारमें कोन कोन लज्जासहित शृङ्गार आदि रस नहीं होता अपि तु संपूर्णही रसकी प्राप्ति होती है क्योंकि संभोगका यह क्रम है कि स्पश चुंबन नखछेदन कामदेवका उद्बोध वेग मैथुनका आरंभ प्रीति भावना (एकता) ये क्रमसे होते हैं इससे हे श्रीराधे ! आप व्रीडासहित शृंगाररस भोगनेके लिये अवश्य चलो ॥ ३ ॥

सभयचकितं विन्यस्यन्ती दृशं तिमिरे पथि प्रतितरु मुहुः स्थित्वा मन्दं पदानि वितन्वतीम् ॥कथमपि रहः

प्राप्तामङ्गैरनङ्गतरङ्गिभिः सुमुखि सुभगः पश्यन् त्वामुपैतु कृतार्थताम् ॥ ४ ॥

पद–सभयचकितं २ विन्यस्यन्तीं २ दृशं २ तिमिरे ७ पथि ७ प्रतितरुऽ मुहुःऽ-स्थित्वाऽ मन्दंऽ पदानि २ वितन्वतीं २ कथमूऽअपिऽ रहःऽ प्राप्ताम् २ अङ्गैः ३ अनङ्गतरङ्गिभिः ३ सुमुखि १ सुभगः १ पश्यन् १ सः १ त्वाम् २ उपैतु क्रि० कृतार्थताम् २ ॥ ४ ॥

योजना–हे सुमुखि–तिमिरे पथि सभयचकितं यथा स्यायत्ता दृशं विन्यस्यतीं प्रतितरु मुहुः स्थित्वा मन्दं यथा स्यात्तथा पदानि वितन्वतीं कथम् अपि रहः प्राप्ताम् अनङ्गतरङ्गिभिः अङ्गैः उपलक्षितां त्वां पश्यन् सन स सुभगः (श्रीकृष्णः) कृतार्थताम् उपैतु (प्राप्नोतु) ॥ ४ ॥

भाषार्थ–हे सुंदरमुखी श्रीराधे अंधकारसहित मार्गमें भयसे चकित होकर देखती और वृक्ष २ के नीचे वारंवार स्थित होकर मंद २ चरणोंको रखती और भाग्यवश किसी प्रकार अंधकारमें मिली और कामदेवकी तरंगरूप अंगोंसे युक्त ऐसी आपको देखते हुये ये सुभग (सुंदर वा भाग्यवान्) श्रीकृष्णचंद्रजी कृतार्थताको प्राप्त हो अर्थात् आप चलकर श्रीकृष्णको कृतार्थ करो ॥ ४ ॥

राधामुग्धमुखारविन्दमधुपस्त्रैलोक्यमौलिस्थलीनेपथ्योचितनीलरत्नमवनीभारावतारक्षमः ॥ स्वच्छन्दं व्रजसुन्दरीजनमनस्तोषप्रदोषश्चिरं कंसध्वंसनधूमकेतुरवतु त्वां देवकीनंदनः ॥ ५ ॥

इति श्रीगीतगोविन्दे अभिसारिकावर्णनं साकाङ्क्षपुण्डरीकाक्षो नाम पञ्चमस्सर्गः ॥ ५ ॥

पद-राधामुग्धमुखारविंदमधुपः १ त्रैलोक्यमौलिस्थलीनेपथ्योचितनीलरत्नम् २ अवनीभारावतारक्षमः १ स्वच्छन्दव्रजसुन्दरीजनमनस्तोषप्रदोषः १ चिरंऽ कंसध्वंसनधूमकेतुः १ अवतु क्रि० त्वां देवकीनन्दनः १ ॥ ५ ॥

योजना-हे भक्त राधामुग्धमुखारविंदमधुपः त्रैलोक्यमौलिस्थली नेपथ्योचितलीलरत्नम् इव स्थितः अवनीभारावतारक्षमः स्वच्छन्द-व्रजसुन्दरीजनमनस्तोषप्रदोषः कंसध्वंसनधूमकेतुः देवकीनन्दनः त्वां चिरम् अवतु ॥ ५ ॥

भाषार्थ--हे भक्तजनो ! राधाजीके मुखारविंदका भ्रमर-रूप और त्रिलोकी मुख्य जो स्थल (वृंदावन) उसके भागोंमें उचित जो नीलमणि उसके समान स्थित और पृथ्वीके भार उतारनेमें समर्थ और स्वच्छंद (स्वाधीन) जो व्रजसुंदरी (गोपी) उनके मनकी प्रसन्नताके लिये प्रदोषरूप क्योंकि रात्रिके मुखरूप प्रदोषमें स्त्रियोंको संतोष होता है और कंसके नाशार्थ अग्निरूप ऐसे देवकीनंदन आपकी चिरकालतक रक्षा करो अर्थात् पापोंको दूर करो ॥ ५ ॥

